सिंचाई के साथ बिजली का प्रश्न भी सामने आ जाता है। हमारे यहां ग्रामों के विद्युतीकरण की बात बहुत की जा रही है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमें ग्रामों में बिजली रोशनी या पंखों के चलाने के लिए नहीं चाहिए बल्कि गांवों में बिजली हमें सिंचाई का काम करने के लिए चाहिए। मैं अपने इलाके की बाबत बतलाना चाहता हूं। हमारे वहां चांदन, बड़वा और ओड़नी नदियां हैं जिनके दोनों ओर यदि बिजली दे दी जाय तो ट्यूबवैल्स से काफ़ी सिंचाई हो सकती है। दोनों तरफ़ का इलाका बड़ा सरसब्ज है। अगर उन जगहों में बिजली का कनैक्शन दे दिया जाय तो काफ़ी सिंचाई का काम हो सकता है। मैं जब से यहां आया हूं इस इलाके के गांवों में बिजली दिये जाने के लिए कोशिश कर रहा हूं लेकिन खेद के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक वहां के इलाक़ों में सिंचाई के लिए बिजली का कोई कनैक्शन नहीं दिया जा रहा है। मैं चाहूंगा कि उधर मंत्री महोदय ध्यान दें।

ग्रामों के विद्युतीकरण से यह आशा की गई थी कि हमारे गांवों में बेकारी की समस्या हल हो जायगी। जमशेदपुर, टाटा, हैवी एलेक्ट्रिकल्स और बोकारो के जो बड़े-बड़े कारख़ाने हैं या बन रहे हैं वे हमारी इस बेकारी की समस्या का समाधान नहीं कर सकते। बेकारी की

[श्री वेणी शंकर शर्मा]

समस्या का समाधान तो हम छोटी-छोटी कौटेज इंडस्ट्रीज़ के रूप में और जो घरेलू उद्योग हैं उन्हें चालू करके ही कर सकते हैं। बिजली उस का बहुत बड़ा साधन है लेकिन वह बिजली इन छोटी-छोटी कौटेज इंडस्ट्रीज़ के कामों के लिए उपलब्ध नहीं की जा रही है।

बिहार में आटा चक्की और छोटे छोटे हलर्स बहुत बड़े पैमाने पर लगे हुए हैं। उन में पांच, पांच और सात, सात हजार रुपया लगा कर लोग किसी प्रकार अपना गुजारा कर रहे हैं लेकिन इनके लिए बिजली की दर काफ़ी बढ़ा दी गई है उनकी लाईसेंस फ़ीस में भी वृद्धि कर दी गई है, जिससे आज इन आटा चक्कियों और हलर्स के बंद होने की नौबत आ रही है और बेकारी की समस्या और बढ़ रही है।

अब थोड़ा मैं सड़कों की बाबत अर्ज करना चाहूंगा। हमारे ये कांग्रेसी बंधु जो बैलों की पूंछ पकड़ कर चुनाव रूपी वैतरणी को पार करके यहां सत्ता में आये हैं आज उन गरीब बैलों की, बिहार में सड़कों की ख़राबी के कारण जो दुर्गति हो रही है उसकी ओर ज़रा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहां जो सड़के हैं वह कच्ची हैं और बहुत बुरी हालत में बगैर मरम्मत के पड़ी हुई हैं और बरसात के दिनों में तो कीचड़ भर जाने के कारण यह बेचारे बैल घुटने घुटने तक उसमें घंस कर ही रह जाते हैं। इसलिए मंत्री महोदय सड़कों को ठीक करने की ओर ध्यान दें।

हमारे बिहार के गांवों में चिकित्सा व्यवस्था का भी बिल्कुल अभाव है और लोगों को वक्त पर दवाई भी नहीं मिल पाती। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय चिकित्सा व्यवस्था को भी सुधारने की ओर ध्यान दें।

श्री रामवतार शास्त्री (पटना) : अध्यक्ष महोदय, आज जब बिहार राज्य के विधान मण्डल की विधियां बनाने की शक्ति राष्ट्रपति को प्रदान करने वाले विधेयक पर यहां विचार किया जा रहा है तो यह आवश्यक है कि हमारे राज्य में जो स्थिति है उन में से कुछ मुख्य मुख्य बातों की तरफ़ मैं आप के द्वारा मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करूं।

अभी माननीय सदस्य श्री विभूति मिश्र ने यह बतलाया है कि राष्ट्रपति शासन के बाद से बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति अच्छी हो गयी है, लेकिन मेरा निवेदन है कि यह तथ्य नहीं है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति कितनी खराब है यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है और इस सदन में भी उस के बारे में सवाल उठाये गये हैं। सब से पहले मैं उस घटना का जिक्र करना चाहता हूं और इस सदन में भी यह बात उठायी जा चुकी है कि गत 30 जुलाई को छपरा में श्री विश्वनाथ सिंह को पुलिस वालों ने किरिच भोंक कर हत्या कर दी। उस के बाद, यानी 19 अगस्त को, वहां की पुलिस के लोगों के साथ एक दूसरी फुटबाल टीम का मैच चल रहा था। पुलिस वाले एक गोल से हार गये। उस के बाद उन्होंने उकसाने वाला काम शुरू किया और लड़ाई झगड़ा करने लगे। उस के बाद उन्होंने लाठी चार्ज किया, फुटबाल के खिलाड़ियों पर भी और उन के साथ-साथ जनता के ऊपर भी।

पटना में तिब्बी कालेज तथा आयुर्वेदिक कालेज के छात्र हड़ताल पर हैं। उन की मांग है कि आयुर्वेदिक और तिब्बी कालेजों को निकट के विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध कर दिया जाये और उन्हें भी दूसरे डाक्टरों की तरह सरकारी नौकरियां दी जायें।

इन मांगों को ले कर के उन की हड़ताल चल रही है। यह आन्दोलन 1966 से चल रहा है। इस सिलसिले में 91 छात्रों की गिरफ्तारियां हुई हैं। उन लोगों को पटना जेल में रक्खा गया है। एम० ए० और बी० ए० पढ़ने के बाद, ग्रैजुएट होनें पर भी, वे सी क्लास में रक्खे गये हैं। पुलिस वालों ने उन्हें गिरफ्तार करते समय पीटा, कालेज कैम्पस में पीटा। इतना ही नहीं, पटना मेडिकल कालेज की उस गुलिबिया देवी के साथ जो वाकया हुआ वह आप जानते हैं। रांची मेंटल हास्पिटल में महिलाओं की हालत को आप जानते हैं।

इसी तरह से दरभंगा में अराजपत्रित कर्मचारियों पर लाठियां चलाई गई। उस के बाद पटना शहर के बिल्कुल निकट फुलवारी शरीफ में दिन रात चोरियां हो रही हैं, डकैतियां हो रही हैं। वहां एक बहुत बड़े मुस्लिम धर्म के नेता हैं। उन मौलाना के घर में 6,000 रु० की चोरी हुई। लेकिन बार-बार कहने पर भी पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाती। अभी 27 अगस्त के दैनिक "आर्यावर्त" में एक खबर निकली है कि :

'बिहटा क्षेत्र में अपराधकर्मी सक्रिय, लोगों में आतंक' वहां पर 10–12 आदमियों का एक गिरोह है जिन्होंने एक ही दिन में चोरियां भी कीं, डकैतियां भी डालीं और कत्ल भी किये। यह तो वहां की ला ऐंड आर्डर की हालत है। मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि छपरा में जो विश्वनाथ सिंह की हत्या की गई उस की न्यायिक जांच कराई जाय।

हमारे यहां अय्यर कमिशन का काम चल रहा है, छः कांग्रेसी भूतपूर्व मंत्रियों के खिलाफ। कोशिश यह हो रही है। कि उस को सैबाटेज किया जाये। इस के लिये बड़े-बड़े अफसर कार्यशील हैं।

इस के अलावा वहां की शिक्षा के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि वहां पर विश्वविद्यालय में सुधार लाने के नाम पर, उन को कार्यक्षम बनाया जाय इस नाम पर रमण कमेटी की स्थापना की गई है जिस में सात सदस्य हैं। लेकिन उन में से कोई भी शिक्षा-विद नहीं है। श्री बलभद्र जैसे शिक्षाविद् को भी जो विश्वविद्यालय है, वाइस-चांसलर रह चुके हैं, उस कमेटी में नहीं रक्खा गया है। बिहार स्टेट यूनिवर्सिटी कमिशन के भ्रष्टाचार के बारे में एन्क्वायरी करने के लिये संविद् सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उस ने इस कमेटी के खिलाफ स्ट्रिक्चर्स पास किये, निन्दा की, लेकिन रमन कमेटी का गठन उसी ने किया है। जिसमें सात आदमी रक्खे गये हैं। किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं हैं। बिहार के कालेजों में पचास विषय पढ़ाये जाते हैं, लेकिन जो सदस्य इस कमेटी में रक्खे गये है वे छः सात विषयों की ही जानकारी रखते हैं। इन में से हर एक आदमी को 1500 रु० महीना आनरेरियम के रूप में दिया जायेगा और इस तरह से 10,000 रु० माहवारी खर्च होगा। लेकिन सरकार अराजपत्रित कर्मचारियों की पांच दिनों की हड़ताल का वेतन देने के लिये तैयार नहीं है।

इस के अलावा वहां अन्धों का स्कूल है। उस के छात्रों ने हड़ताल की, गवर्नर के सामने प्रदर्शन किया, मैं ने यहां उस के बारे में प्रश्न किया तो यह जवाब दिया गया कि सरकार को कोई जानकारी नहीं है। पता नहीं यह सरकार क्या करती है सोती है या जागती है, जो इस तरह के जवाब देती है।

[श्री रामावतार शास्त्री]

अराजपत्रित कर्मचारियों के सिलसिले में इस सदन में भी कई प्रश्न उठाये गये, सरकार ने उन का जवाब भी दिया, लेकिन वहां अब भी विंडिक्टिव ऐटिट्यूड की भावना से काम किया जा रहा है। अराजपत्रित कर्मचारियों की हड़ताल के बाद की कार्रवाईयों को वापस नहीं लिया गया है, मुकदमे वापस नहीं किये गये, पांच दिन की तन्ख्वाह नहीं दी गई है। उन की तन्ख्वाह दी जानी चाहिये और संविद् सरकार ने जो फैसले किये थे उन्हें लागू किया जाये तथा इस में गोल माल करने वाले जो मुख्य सचिव हैं, सोहनी साहब, उन को उन के पद से हटा दिया जाये, क्योंकि उन की वजह से सारी गड़बड़ी हो रही है।

मैं आप के जरिये यह कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदय इन बातों पर बोलते समय पूरी तरह प्रकाश डालने की कोशिश करें ऐसा प्रयत्न करें कि वहां की स्थिति में सुधार लाया जा सके जिस में जनता में जो असन्तोष है, परेशानी है उस को हम हल कर सकें और बिहार की प्रगति हो सके।

MR. SPEAKER : The difficulty is this. There is only one hour allotted by the Business Advisory Committee. Within this, I am trying to accommodate as many as possible, by giving five minutes each. But if in one party three Members want to be accommodated, I do not know what to do. At the cost of the Congress party, I have been trying to apportion some time to Shri Surya Prakash Puri, Shri B. S. Sharma and Shri Ram Avatar Shahstri who have spoken. Even within each party, if three Members want to speak, I do not know what to do. (*Interruption*) You must help me. What can I do ? The Chair cannot help it. Three Members want to speak from one party. The Chair cannot help anybody or any party at this rate.

SHRI D. N. TIWARY (Gopalganj) : Please give me two or three minutes.

MR. SPEAKER : All right ; I have no objection. When the Opposition gets three, at least one from the Congress must get an opportunity.

श्री द्वा० ना० तिवारी : अध्यक्ष महोदय, मेरे पूर्ववक्ता ने बिहार की कतिपय अव्यवस्था का जो हवाला दिया, उस के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि इतने बड़े देश में कहीं न कहीं अव्यवस्था होती ही रहती है। लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि जिस समय संविद की सरकार थी कोई भलामानुस अपने परिवार के साथ गाड़ी में ट्रैवेल नहीं कर सकता था। आज वह स्थिति नहीं है। यह ठीक है कि कहीं चोरी हो, लूट हो, तो उस की एन्क्वायरी होनी चाहिए। छपरा में विश्वनाथ सिंह को मारा गया तो उस के सम्बन्ध में एन्क्वायरी जरूर होनी चाहिये, मगर एन्क्वायरी होने के बाद जो असली अपराधी साबित हो उस को सजा होनी चाहिये, ऐसा न हो कि कुसूर तो राम ने किया हो और सजा श्याम को हो जाय।

बिहार की वित्तीय अवस्था बहुत ही खराब है, और दो वर्षों के सूखा के कारण वहां के किसानों की रीढ़ ही टूट गई है।

श्री गुणानन्द ठाकुर (सहरसा) : उत्पादन बढ़ा है।

श्री द्वा० ना० तिवारी : मैं कह रहा था की दो वर्षों के सूखे के कारण वहां के किसानों की रीढ़ टूट गई है। अभी इस वर्ष जो फसल हुई है उस से भी उन में उतनी जान नहीं आ सकी है कि अपने कर्जे को अदा कर सकें। हालांकि वह कर्जे को अदा करना

चाहते हैं लेकिन गत दो-तीन वर्षों में ऋण के ब्याज का बोझ इतना बढ़ गया है कि वह लोग दे नहीं सकते हैं। मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि उन के ब्याज को माफ कर दिया जाये और जो असल रुपया है वही उन से लिया जाय। एक मर्तबा जब पं० विनोदानन्द झा चीफ मिनिस्टर थे तब उन्होंने रुपये की वसूली के लिये एक तारीख नियत की कि नियत तारीख तक असली रुपया दे देने से ब्याज माफ कर दिया जायेगा। उस से 11 करोड़ रू० वसूल हुआ था। आज भी किसानों को मदद पहुंचाने के लिये उन को यह सुविधा देनी चाहिये ताकि वह अपना कर्ज अदा कर सकें। यदि मंत्री महोदय इस पर सोचें और दो महीने की तारीख दे कर यह घोषणा कर दें कि एक निश्चित तारीख तक जो किसान अपना मूल क़र्ज दे देगा, उस का ब्याज माफ कर दिया जायेगा तो रुपया भी वसूल हो जायेगा और किसानों को मदद हो जायेगी, उन को राहत मिल जायेगी।

श्री मुहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के राष्ट्रपति शासन के सम्बन्ध में बहुत ज्यादा कहने का समय नहीं है, इस लिये मैं केवल दो या तीन बातें कहूंगा। परन्तु इस सम्बन्ध में मंत्री महोदय ने यह स्वीकार किया है कि यह बैकवर्ड स्टेट इस लिये रह गई हैं कि उस के लिये बहुत कम मदद सेंटर से मिलती है। माननीय सदस्य जो बिहार के हैं उन्होंने भी इस चीज की परसों चर्चा की है। मैं खास तौर से दो-तीन चीजों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। मैं इस में जाना नहीं चाहता हूं कि राष्ट्रपति शासन में क्या हुआ है और क्या नहीं हुआ है या उससे पहले क्या हुआ है। बिहार बंगाल के बिल्कुल नजदीक है। इस वास्ते बहुत सी चीजों का हमें भी काफी अनुभव है।

बिहार में दो किस्म की सरकारें चल रही हैं। एक तो टाटा की सरकार चल रही है और एक कांग्रेस की सरकार चल रही है। टाटा तमाम चीजों को अपने तौर से चलाता है और कांग्रेस की सरकार अपने तौर से चलाती है। ला ऐंड आर्डर की जितनी चीजें हैं टाटा या जो धनिक वर्ग हैं वे उनको अपने तौर से चलाते हैं और कांग्रेस सरकार उनको अपने तौर पर चलाती है। धनिक वर्ग का जो तरीका है वह कांग्रेस के तरीके से बिल्कुल अलग है। ऐसा क्यों है? क्यों टाटा का राज वहां चल रहा है? इस वास्ते चल रहा है कि कांग्रेस ने उसको बरदाश्त किया है और कांग्रेस की ही वजह से वह चल रहा है जिस ने उन्हें इतने दिनों तक बचा कर रखा है। इस जिम्मेदारी से कांग्रेस इन्कार नहीं कर सकती है।

आप कोल माइंज को लें। वहां कोल माइंज बहुत ज्यादा है। इन कोल माइंज में मजदूरों को ट्रेड यूनियन कायम करने का अधिकार नहीं है। वहां की सरकार ने कोल माइंज के मालिकों के स्वार्थों की रक्षा के लिए ऐसे कानून बना रखे हैं कि अगर ट्रेड यूनियन को रजिस्टर करने के लिए दरख्वास्त दी जाती है तो दो-दो और तीन-तीन बरस उसकी डिसपोजल में लगा दिये जाते हैं और उनकी इच्छा होती है तो इसको रजिस्टर कर देते हैं और जिस पर उनकी इच्छा नहीं होती है तो नहीं करते हैं। सरकार जिस को कहती है कि मान्यता दे दो, उसको मान्यता दे दी जाती है। आई० एन० टी० यू० सी० की जो यूनियन होती है उसको तो मान लिया जाता है और दूसरी जो होती हैं उनको माना नहीं जाता है। यह हालत वहां चल रही है।

झरिया के इलाके में आप जायें और देखें कि हालत क्या है? वहां पर जो

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

कर आपको यह पता नहीं चलेगा कि यहां पर कोई सरकार भी है या नहीं है। पुलिस वहां की मालिक है और उसका ही राज वहां चल रहा है। या तो कोल माइंज के जो मालिक हैं उनकी वहां चलती है या फिर पुलिस की चलती है। सरकार वहां कुछ नहीं कर सकती है। मालिकों ने वहां पर गुण्डों के गिरोह बना कर तैयार रखे हुए हैं। अगर मजदूर वहां पर आवाज उठाते हैं कि हमें यह तकलीफ है तो पहले तो डंडे का सहारा लिया जाता है, उनके जो लीडर हैं उनके सिर तोड़े जाते हैं और बाद में जबर्दस्ती एजीटेशन को दबा दिया जाता है। कई लोगों को जान से भी मार डाला गया है। कोल माइंज के मालिक जिस किसी को कहते हैं कि पकड़ कर ले जाओ, पुलिस उसको पकड़ कर ले जाती है और धारा 107 में कैद कर लेती है और जेल भेज देती है। कई इस तरह की मिसालें मैं पेश कर सकता हूं।

अभी हाल ही में मैं रांची गया था। किस तरह से वहां पर ट्रेड यूनियन के अधिकारों में दखल दिया जाता है, उसकी एक मिसाल मैं आपके सामने रखता हूं। उनको जायज तरीके से भी काम करने की इजाजत नहीं दी गई है। 17 तारीख को एक मीटिंग होने वाली थी और उसी सिलसिले में मैं वहां गया था। इस मीटिंग का तीन दिन पहले एलान भी हो चुका था। सब तैयारियां मुकम्मिल कर ली गई थीं। जिस दिन मीटिंग होनी थी और जिस समय पर मीटिंग होनी थी उसके दो घंटे पहले या तीन घंटे पहले हथिया थाने के अफसरों को यह आर्डर दिया कि यहां मीटिंग नहीं होगी और अगर आपको मीटिंग करनी है तो यहां से आधा मील दूर जा कर आप कर सकते हैं। क्योंकि मजदूर सब उस में आना चाहते थे इस वास्ते वहां मीटिंग नहीं होने दी गई। मैंने कहा कि चलो वहां चल कर कर लेंगे। मैंने हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन के चेयरमैन से पूछा कि क्या आपको कोई आबजैकशन है मीटिंग होने पर इस जगह पर और क्या पुलिस ने आप से पूछ कर ऐसा किया है तो उन्होंने कहा कि मुझे कोई आबजैकशन नहीं है, यह पुलिस ने अपनी मर्जी से किया है, थाने वालों ने अपनी मर्जी से किया है। थाने वालों ने हमें बताया कि यह आर्डर उन्होंने अपनी तरफ से दिया है और अगर ज्यादा इसके बारे में कहा गया तो धारा 144 लागू कर दी जाएगी। पता नहीं वहां पर सरकार है भी या नहीं। ये हैं तरीके जिन का सहारा ले कर पुलिस ट्रेड यूनियन मामलों में दखल देती है।

गवर्नमैंट एम्प्लायीज का वहां एजीटेशन चला था। जिन को उस एजीटेशन के सिलसिले में ससपैंड किया गया था उनके ससपैंशन आर्डर आज तक विदड्रा नहीं किये गये हैं। सरकार ने यह बात मानी थी कि उनकी बात सुनी जाएगी ससपैंशन आर्डर वापिस ले लिये जायेंगे, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है। इसके बारे में सर्कुलर भी जारी कर दिया गया था लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ है।

प्राइमरी मास्टरों के लिए डी० ए० मंजूर गया था। 120 रुपये प्राइमरी टीचर्ज के लिए मंजूर गया था लेकिन उन से कहा गया कि आपको नैशनल सेविंग्ज में यह पैसा जमा करना पड़ेगा। आप जानते ही हैं कि प्राइमरी टीचर्ज की तनख्वाह बहुत कम होती है। वे बेचारे भूखे मर रहे हैं। कई तो मर भी गए हैं। अब सरकार उन से कह रही है कि तुम्हारा डी० ए० नैशनल सेविंग्ज में जाएगा।

बैक्वर्ड क्लासेस का वहां पर एक्सप्लायटेशन चल रहा है। उनकी हालत बहुत गिरी हुई है। आदिवासियों के अन्दर आग जल रही है। मालूम नहीं वह आग आगे चल कर क्या रूप ग्रहण करेगी। जब उसने भयंकर रूप धारण किया तो आप उसको सम्भाल नहीं पाएंगे। जो गरीब आदिवासी देहातों में रहते हैं वहां बड़े बड़े लोग चले गए हैं और उनको कर्ज दे कर उनकी जमीनों पर उन्होंने कब्जा कर लिया है और उनको उन जमीनों से बेदखल कर दिया गया है। वे अपनी जमीन को वापिस चाहते हैं और उसके लिए आन्दोलन भी कर रहे हैं।

जो कारखाने वहां खुले हैं उन में भरती का सवाल भी है। वे यह चाहते हैं कि वही के रहने वालों को पहले उन में भरती किया जाए। इस वास्ते भी वहां पर आन्दोलन चल रहा है। यह आन्दोलन उचित है, जायज हैं। लाठियां चला कर, गोलियां चला कर उनके आन्दोलन को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

पुरुलिया में किसानों का आन्दोलन चल रहा है, बटाई का आन्दोलन चल रहा है। उसका हल नहीं ढूंढा जाता है और तरह-तरह के उन पर जुल्म हो रहे हैं, उनकी गिरफ्तारियां हो रही है। और कहते हैं कि क्या आप वहां पर नक्सलबाड़ी का निर्माण करना चाहते हैं। किसानों के सवाल को, बटाई के सवाल को आप हल क्यों नहीं करते हैं। हल करने के बजाय उसको राजनीतिक रूप देने की कोशिश वहां हो रही है।

वहां कास्टिज्म बहुत जोरों से चल रही है। यह बीमारी सारी एडमिनिस्ट्रेशन में घुसी हुई है, पुलिस डिपार्टमैंट में घुसी हुई है। पुलिस अफसर उसी कास्ट के लोगों को नौकरी देते हैं जिस कास्ट के वे खुद होते हैं, अपनी कास्ट वालों की ही मदद करते हैं। जो अफसर हैं वे अपनी कास्ट के लोगों को ही भरती करते हैं। कोई चैक उन पर नहीं है। यह बीमारी भी कांग्रेस की पैदा की हुई है। जातीयता का वहां सब से बड़ा मर्ज है।

मैं वहां पर तीन दिन पहले गया था; एक ही कारखाने में आई० एन० टी० यू० सी के अन्दर दो गुट चल रहे हैं। उन में आपस में लाठियां चलीं, सिर फूटे। ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि जो बातें मैंने आपको बताई हैं, उनकी तरफ आप ध्यान दें। नहीं तो ये बातें विकट रूप धारण करेंगी।

श्री मृत्युंजय प्रसाद (महाराजगंज): बिहार में आज राष्ट्रपति शासन है। बहुत सी घटनायें वहां ऐसी हो रही हैं जिन्हें हम पिछले साल की लैगेसी अथवा करनी एक की भरनी औरों की कह सकते हैं। उस लैगेसी से पीछा छुड़ाने के लिए उन्हें काफी दिक्कत पड़ रही है। इसलिए मैं दो तीन चीजें नमूने के तौर पर ही रखूंगा जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिये। कहने को तो बातें बहुत हैं लेकिन समय ही कहां है।

पहली चीज तो यह है कि यहां कहा गया है कि ला एंड आर्डर खत्म कर दिया गया है और साल भर में जो कुछ हुआ है उसके अनेक उदाहरण भी दिये गये हैं। उसी सिलसिले में एक बात ऐसी आई है कि जिस की इस सदन में थोड़ी देर पहले चर्चा भी हुई है। छपरे में एक आदमी मारा गया। उसकी डिटेल्ज में जाना गैर बाजिब होगा चूंकी केस की इनक्वायरी चल रही है। केस चलेगा। लेकिन इतना तो कहा ही जा सकता है कि उस केस का नतीजा जो कुछ हो, जिन सरकारी अफसरों के

[श्री मृत्युंजय प्रसाद]

खिलाफ भी कुछ शिकायतें हैं कि वे उस के बघ में शामिल थे, वे वहां हाजिर थे उन्हें तो वहां से हटा ही दिया जाना चाहिये और अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो कभी भी सच्ची और सही इनक्वायरी नहीं हो सकेगी।

अब मैं उसके बारे में जो डाकुमैंट्स हैं उसकी बात कर रहा हूं। पुलिस कांस्टेबल ने खुद ही कहा कि हम तोगों ने उसे बोनट भोंका इस वास्ते कि वह हम पर चोट न कर सके। लेकिन डाक्टर ने कहा है कि चार चोटें ऐसी हैं जिन में से एक भी उसे खत्म करने के लिए काफी थी। वैसी हालत में यह बहुत जरूरी हो जाता है कि वहां के पुलिस अफसरों को और दूसरे अफसरों को जिन के बारे में जरा भी शिकायत है कि उन का कोई दूर का भी सम्बन्ध उससे रहा है, उन्हें छपरे से हटा कर दूसरी जगह बदल दिया जाए और केस खत्म हो जने के बाद जो वाजिब समझा जाए किया जा सकता है।

ला एंड आर्डर का एक दूसरा नमूना मैं पेश करता हूं। चाहे यूनिवर्सिटी एग्जेमिनेशन हो या हायर सैकेंड्री बोर्ड का हो, कोई भी परीक्षा ढंग से नहीं हो पाती है। खबरें तो यहां तक आई हैं कि न सिर्फ इनविजिलेटर्ज को पीटा गया है बल्कि दो तीन टीचर्ज को तो मार भी दिया गया है। यह खबर भी है कि अनेक स्थानों पर लोग लाउड स्पीकर पर एग्जेमिनेशन हाल के पास से जोर जोर से सवालों के जवाब लिखा रहे थे। ऐसी जब हालत है तो आप इन परीक्षाओं को बन्द ही क्यों नहीं कर देते हैं। इस तरह की बेकार की परीक्षाओं का कोई लाभ नहीं है। जो शिक्षित कर्मचारी रखना चाहते हैं वे प्राइवेट तौर पर टैस्ट ले कर जिसे चाहें नौकर रख लेंगे।

बातें छोटी-छोटी हैं लेकिन बहुत जरूरी बातें हैं। पिछले साल संविद की सरकार ने आने के साथ ही तबके वन मंत्री ने और उनका परिचय बताने की आवश्यकता नहीं है, अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए एक हुकम निकाल दिया कि जहां एफारेस्टेशन पांच बरस से पुराना हो चुका है उसकी बाड़ को, उसकी फेंसिंग को हटा दिया जाए और लोगों को उसी तरह से छूट दे दी जाए जिस तरह से दूसरे जंगलों में रहती है। नतीजा यह हुआ कि पांच दस बरस की मेहनत पर पानी फिर गया। आज किसी सरकारी अफ़सर में यह हिम्मत नहीं है कि वह सरकार को यह आर्डर बदलने के लिए कहे। वह नहीं जानता है कि उस जगह पर कल फिर कौन आ जायेगा। अगर बिहार की बन-सम्पदा को बचाना है, तो उस की रक्षा करनी चाहिए, नहीं तो जितनी मेहनत हुई है, वह बर्बाद हो जायेगी।

कृषि विभाग द्वारा बहुत अच्छा काम हुआ है और हो रहा है, लेकिन एक बात की शिकायत मुझे बहुत मिली है कि कई महत्वपूर्ण काम समय पर नहीं किये जाते हैं, जैसे बीज बहुत देर से पहुंचाया जाता है। पिछले साल गेहूं का बीज दिसम्बर में पहुंचा और इस साल धान का बीज—या शायद उस की पहली ही किश्त—जुलाई में पहुंची। इस प्रकार वह बीज बेकार हो जाता है, या उस का बहुत थोड़ा उपयोग होता है। मंत्री महोदय कृपया यह व्यवस्था करें कि अगली रबी की फ़सल में यह बात न हो। बीज समय से पहले ही डिस्ट्रीब्यूशन सैंटर्ज से सब जगह पहुंच जायें, ताकि वे किसानों को मिल सकें। ये सिर्फ़ प्रशासनिक बातें हैं। इन में सिद्धान्त का कोई प्रश्न नहीं है। सभी यह चाहते हैं कि ये काम होने चाहिए।

हमें बड़ी खुशी है कि संविद सरकार ने बहुत काफ़ी नलकूप लगाये, लेकिन इस सम्बन्ध में यह भी ध्यान रखने की बात है कि नलकूप वहीं लगाने में लाभ है, जहां बिजली मिले, यानी जब जेनरेशन और ट्रांसमिशन पूरा हो जाये, तभी नलकूप लगाने में लाभ है। जब से इस की प्लानिंग होती है, तब से बिजली के जेनेरेशन और ट्रांसमिशन के पूरा होने में पांच छः बरस लगते हैं। यह बड़ी खुशी की बात है कि पांच छः बरस की मेहनत से एक फ़ेज़ तैयार हुआ था, जिस का फ़ायदा संविद सरकार ने उठाया। यानी जब फ़सल तैयार होकर घर में आ गयी तो रोटी पका कर संविद ने खिला दिया, और यह काम फ़सल तैयार होने के पहले संभव नही था। अब आगे का जो फ़ेज़ होगा, राष्ट्रपति शासन की सरकार को उस में काम करके दिखाना चाहिए।

एक बहुत महत्व की बात यह है कि हम सुधार की जितनी भी बातें करते हैं, वे सब की सब सेक्रेटेरियट तैक रह जाती हैं। सेक्रेटेरियट से निकल कर डिस्ट्रिक्ट तक पहुंचने में और डिस्ट्रिक्ट से किसानों तक पहुंचने में काफ़ी कठिनाई पड़ती है। यदि हम प्रशासन की इस कठिनाई को दूर नहीं करेंगे, तो जनता का कोई भी काम ठीक समय पर और उचित प्रकार से नहीं हो पायेगा।

मध्यावधि चुनाव हमारे सामने है। हमारे कई मिनिस्टर्ज़ के ख़िलाफ़ एन्क्वायरी चल रही है। वह एन्क्वायरी ज़रूर पुरी हो। जज साहब ने हुक्म दिया कि सब कागज़ अभियुक्त मंत्रियों के वकीलों को दिखाये जायें, लेकिन उन की ओर से शिकायत हो रही है, बराबर उन की ये दरख्वास्तें पहुंची हैं और अख़बारों में ख़बरें आ रही हैं कि सब कागज तो मिलते नहीं हैं, ग़ायब कर दिये गये हैं, या वे थे ही नहीं। यह शंका इस लिए होती है कि कितने दिन लगे उन को चार्ज का नाम लेते लेते और लाने में। इस से जान पड़ता है कि बिना पूरी तरह समझे-बूझे चार्ज लगाये गये थे और इस लिए आज प्रमाण लाने में कठिनाई हो रही है। इस लिए जल्दी से जल्दी उन काग़ज़ों को सामने लाकर सच झूठ को स्पष्ट करा लिया जाये।

उस के बाद संविद सरकार के मंत्रियों के ख़िलाफ़ भी कुछ चार्जिज हैं। उन पर भी जल्दी से जल्दी विचार होना चाहिए, क्योंकि यह बड़ी अन्याय और दुखकी बात है, अनुचित है कि जब तक आदमी एक्यूज्ड है, कनविक्टिड नहीं हो चुका है, तब तक इलैक्शन के बीच में उस को कठिनाई पड़े। और उसके विरुद्ध हर प्रकार का अनुचित प्रचार किया जाये मानो वह दोषी सिद्ध हो चुका है। इस लिए ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि जल्दी से जल्दी या उन का कनविक्शन हो जाये या ऐक्विटल हो जाये—जो कुछ भी होना है, वह हो जाये।

श्री कामेश्वर सिंह (खगरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का विरोध करता हूं। इस बिल की क्लाज 3(1) में दिया हुआ है :

> "The power of the Legislature of the State of Bihar to make laws, which has been declared by the Proclamation to be exercisable by or under the authority of Parliament, is hereby conferred on the President."

कानून बनाने का अधिकार पार्लियामेंट को है। यह अधिकार किसी भी हालत में राष्ट्रपति को नहीं देना चाहिए, क्योंकि ब्यूरोक्रेट्स को जब पावर मिलती है, तो वे उस का दुरुपयोग करते हैं।

[श्री कामेश्वर सिंह]

बिल की क्लाज 3 (2) में कहा गया है :

"Provided that before enacting any such Act, the President shall, whenever the considers it practicable to do so, consult a Committee constituted for the purpose consisting of forty members of the House of the People nominated by the Speaker and twenty members of the Council of States nominated by the Chairman."

इस कमेटी को क्या पावर दी गई है ? कुछ भी नहीं। इस में कहा गया है कि जब राष्ट्रपति ऐसा करना प्रैक्टिकेबल समझेंगे, तब इस कमेटी को कनसल्ट करेंगे। अधिकारीगण, आइ० सी० एस० आफ़िसर्ज, के दिमाग़ में यह कभी भी नहीं आयेगा कि इस कमेटी को कनसल्ट करना प्रैक्टिकेबल होगा। अगर इस कमेटी को कनसल्ट किया जायेगा और वह राष्ट्रपति को एडवाइज करेगी, तो उन अधिकारियों की बात नहीं चलेगी। इस बिल में साफ़ नहीं किया गया है कि इस कमेटी को किस हद तक पावर्ज हैं। मंत्री महोदय इस बात को साफ़ करें कि इस कमेटी की क्या पावर्ज हैं। अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो इस कमेटी को बनाना एक फ़ार्स है।

किसानों को ट्यूबवैल बोर कराने और एग्रीकल्चरल इम्प्लीमेंट्स ख़रीदने के लिए पच्चीस परसेंट जो सबसिडी मिलती थी, बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू होते ही तुरन्त उस को विदड्रा कर लिया गया। वह सबसिडी फिर से देनी चाहिए। अगर किसानों को वह सबसिडी नहीं मिलती है, तो वे बोरिंग नहीं करवा सकते हैं, क्योंकि वे बहुत ग़रीब हैं।

जहां तक कर्ज़ वसूली का सम्बन्ध है; कर्ज को बिना सूद के वसूल करना चाहिए, क्योंकि बाढ़ के बाद किसान के पास देने के लिए पैसा नहीं है। सरकारी अधिकारी ग़रीब किसानों के साथ हर तरह से नाजायज व्यवहार और अत्याचार करते हैं। हर एक चीज का ख़राब असर ग़रीब किसानों पर पड़ता है, जब कि अच्छा असर करोड़पतियों पर पड़ता है।

श्री चव्हाण के आश्वासन पर नान-गज़ेटिड एम्पलाईज ने अपनी स्ट्राइक वापिस ले ली। लेकिन उन के साथ इतना ज्यादा विक्टिमाइज़ेशन हो रहा है, जिस की कोई हद नहीं है। यह सब धांधली बन्द होनी चाहिए।

किसी माननीय सदस्य ने कहा कि संविद सरकार के काल में रात को नींद नहीं आती थी, सब ओर अराजकता थी, डाके पड़ते थे, आदि। लेकिन राष्ट्रपति शासन के लागू होने के बाद बिहार में ला एंड आर्डर की यह हालत हो गई है कि पटना जैसे बड़े शहर में, जहां सैकड़ों आई० पी० एस० आफ़िसर हैं, दिन-दहाड़े डाके पड़ते हैं। वहां पर चोरी, डाके, हत्या आदि सब अपराध बढ़ गये हैं।

आदिवासियों पर सूदखोरों, मनी-लेंडर्ज, का अत्याचार बहुत अधिक बढ़ रहा है। संविधान के पांचवें शिड्यूल के पार्ट बी, 5(2) (ए) में कहा गया है :

"prohibit or restrict the transfer of land by or among the members of the Scheduled Tribes in such area ;"

मैं मंत्री महोदय से यह अनुरोध करूंगा कि संविधान में जो शक्तियां प्रदान की गई हैं, उन के माध्यम से आदिवासियों पर सूदखोरों और मनीलेंडर्ज के अत्याचार को बन्द किया जाये। आज उन में बहुत आतंक फैला हुआ है। जब अखबारों में और राजनैतिक दलों द्वारा इस आतंक की बात कही जाती है, तो कांग्रेसी लोग

कहते हैं कि कोई आतंक नहीं है, वह छोटी सी बात है।

संविद सरकार ने लगान वसूल करने के हजारों साल पुराने तरीकें को हटा दिया था। बिहार के बजट में लगान को फिर लागू कर दिया गया है। मेरी मांग है कि अगले सत्र में एक बिल ला कर लगान प्रथा को बिल्कुल समाप्त कर दिया जाये। रेन्ट को खत्म करना चाहिए। संविद सरकार ने ऐसा सोचा... (**व्यवधान**) ... आप बैठिए, यह बिहार का मामला है, मध्य प्रदेश का नहीं।

दूसरी बात—बिहार की संविद सरकार ने देखा कि बिहार में एक बहुत ही नापाक चीज है, टाटा की जमीदारी, उस को खत्म करना चाहा पर इन पूंजीपतियों के गोलमाल के कारण यह संविद सरकार नहीं चल सकी। मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि अगले सत्र में एक बिल ला कर वह टाटा की जमीदारी को खत्म करें।

आखीर में, यह सब सुधार करने के लिए मैं मंत्री महोदय से आश्वासन चाहता हूं कि अगले सत्र में इस सदन में वह बिल लायेंगे और एक बार फिर मैं यह कहना चाहता हूं कि वह इस बिल को वापस लें। सारी शक्ति इसी सदन को रहेगी न कि राष्ट्रपति को जायगी।

श्री भोला राउत (बगहा) : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति शासन बिहार में जब लागू हुआ तो समूचे राज्य में ऐसी खुशी हुई जिस का कि मैं क्या वर्णन करूं? अभी हमारे कुछ साथी चोरी और डकैतियों का जिक्र कर रहे थे। मैं उन को यह बताना चाहता हूं कि जिस समय संविद की सरकार बनी, हमारे अपने ही क्षेत्र में भैसही गांव में इतनी बड़ी डकैती पड़ी कि जितनी बड़ी डकैती दुनिया में कहीं नहीं पड़ी होगी। एक बार संसद में उस का जिक्र आया था... (**व्यवधान**)... आप की संविद सरकार के जमाने में यह डकैती पड़ी और पचासो लाख का सामान नकदी जेवर सब उस में गायब हुआ। अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहता हूं वह डकैती कैसे हुई? बाकायदा डकैती के पहले डकैत वहां गए और उन्होंने एक मीटिंग की, जिस तरह से कि कम्यूनिस्ट पार्टी के लोग मीटिंग करते हैं। उस के बाद फिर अच्छी तरह से तैयारी कर के यह डकैती पड़ी और उस में रामनारायण साव को बन्दूक से मारा गया। उस के बाद उन्होंने समझा कि वह तो मर गए। मगर वह मरे नहीं थे। जब वह डकैती कर के भाग रहे थे उस समय उन्होंने देखा कि यह तो अभी जिन्दा है तो उस को फिर से मारने के लिए गोली निकाली। तब उस ने उन का नाम लेकर कहा कि क्यों ऐसा कर रहे हैं? वह नाम नौकर ने सुन लिया और उस ने डी० एस० पी०. के सामने अपना बयान दिया है। डी० एस० पी० ने बताया इस चीज को। पुलिस अरेस्ट करने के लिए गई उस आदमी को तो संविद सरकार का वायरलेस गया कि बगैर सबूत के किसी को गिरफ्तार न किया जाय। यह रिपोर्ट है।

दूसरी बात मैं बताना चाहता हूं। राष्ट्रपति शासन के पहले वहां शास्त्री जी की सरकार थी। उस में कुछ ऐसी बातें हुई जैसे एक हरिजन लड़की जो बी० ए० बी० टी० थी, शास्त्री जी ने उसको मिडिल स्कूल के हेड मिस्ट्रेस के पद पर बहाल किया। लेकिन जैसे ही शास्त्री जी हटे, उस का अप्वाइंटमेंट रद्द कर दिया गया और दूसरी तरफ जनसंघ के जो हाउसिंग के मिनिस्टर थे उन का एक आर्डर था जिस में कंकड़बाग पटना में

[श्री भोला राउत]

बने हुए मकानों को बांटा गया था, उन का वह आर्डर रहने दिया गया। मैं ने गवर्नर को चिट्ठी भी लिखी है उस हरिजन महिला के अप्वाइंटमेंट के बारे में और कुछ एजूकेशन डिपार्टमेंट के शिक्षक थे, पटना के गर्दनियाबाग हाईस्कूल के एक शिक्षक को उस के रेप्रेजेन्टेशन पर शास्त्री जी ने ट्रांसफर किया था, लेकिन उन के मिनिस्ट्री से हटते ही डी० पी० आई० ने उस को नहीं माना। यह जो अफसरों की ज्यादती हैं इस के ऊपर मैं ने गर्वनर को लिखा था। आप के द्वारा मैं मंत्री जी से कहूंगा कि वह इन पर ध्यान दें।

श्री विद्याचरण शुक्ल: अध्यक्ष महोदय, जिन माननीय सदस्यों ने इस बहस में भाग लिया उन में से बहुत से लोगों ने स्थानीय समस्याओं के बारे में बहुत कुछ कहा। इस के पहले कि जो दूसरे मुख्य मुद्दे भाषणों के थे उन के उत्तर मैं दूं, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो स्थानीय समस्याएं हैं उन के बारे में हम लोग राज्य सरकार के अधिकारियों से परामर्श कर के देखेंगे कि किस हद् तक इन तीन चार महीनों में हम कार्यवाही कर सकते हैं।

जहां तक और दूसरी प्रशासकीय समस्याओं का सवाल है इस के बारे में मैं कह चुका हूं कि राष्ट्रपति शासन के अन्तर्गत हम लोग ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करना चाहते जिस से कि आने वाली लोक प्रिय सरकार के ऊपर कोई किसी तरह का वित्तीय भार पड़े। हम लोग यह जरूर चाहते हैं कि लोक हित के और जनहित के जितने ज्यादा कार्य सम्पन्न कर सकें वह करें। कोई एक कामचलाऊ सरकार के रूप में ही कार्य न चले बल्कि जनहित के कार्य अच्छी तरह से और तेजी से होते चलें। यह जो मैं ने कहा यह पालिसी की बातें हैं और इसी के अन्तर्गत जो कुछ हम लोग कर सकते हैं, माननीय सदस्यों ने जो बातें कही हैं उन पर विचार कर के करने का यत्न करेंगे।

एक खास बात जो कामेश्वर सिंह जी ने कही उस के बारे में मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। उन्होंने इस विधेयक का विरोध इसलिए किया कि इस से राष्ट्रपति को एक अधिकार मिल जाता है कि वह कानून बना सकते हैं बिहार के लिए। अब यह तो माननीय सदन को मालूम है कि पिछले 20 सालों में हमेशा जब भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के अन्दर किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ा तो यही प्रक्रिया अपनायी गई और सारा कार्य सन्तोष-पूर्ण ढंग से चला। एक भी किसी ने यह नहीं कहा कि इस का दुरुपयोग किया गया या संसद के अधिकारों का हनन हुआ या उन अधिकारों का...

श्री कामेश्वर सिंह: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने 20 सालों से प्रयोग किया इस प्रक्रिया का तो आज क्या एक नई चीज चला कर नहीं देख सकते हैं?

श्री विद्या चरण शुक्ल: मैं माननीय सदस्य से कहूंगा कि जो चीज संतोष-पूर्ण ढंग से चल रही है जिस के ऊपर किसी ने आपत्ति नहीं की उसको बदलने की आवश्यकता नहीं है।

श्री कामेश्वर सिंह: वह इस से भी अच्छा चल सकती है।

श्री विद्याचरण शुक्ल: यदि इस में कोई खामी दिखें तो जरूर हम इसे बदलन के लिए तैयार होंगे।

संसद की तरफ से एक सलाहकार समिति बनायी जा रही है। उस में

सब माननीय सदस्य रहते हैं। उन की सलाह ले कर उन से पूछ कर, उन से परामर्श कर के हम कार्यवाही करते हैं।

श्री कामेश्वर सिंह: अध्यक्ष महोदय, एक बात मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं। इस के मुताबिक सलाह लेना अनिवार्य नहीं है। राष्ट्रपति के लिए अनिवार्य होना चाहिए कि सलाहकार समिति से बराबर सलाह लेते रहें।

श्री विद्याचरण शुक्ल: आप जरा धैर्य-पूर्वक सुनें। आप बार बार तकलीफ करते हैं खड़े होने की। सिलसिलेवार मैं सब बता रहा हूं। जरा धैर्य पूर्वक सुनने का प्रयत्न कीजिए।

मैं कह रहा था कि इस समिति के द्वारा हम लोग सलाह लेते हैं और सलाह के अनुसार काम करने का प्रयत्न करते हैं। जहां तक कि इस अपवाद का सम्बन्ध है कि किसी ऐसे समय पर जब कि सलाह लेने का मौका न हो, बिना सलाह लिए भी कानून बनाया जाय, यह प्रावधान जो किया गया है, यह आपत्कालीन प्रावधान है। इस का उपयोग बहुत कम करते हैं। कोई ऐसा आर्डिनेंस हो जो लैप्स होने वाला हो, कमेटी बुलाने का समय न हो, मेम्बर्स को नोटिस देने का पूरा टाइम न हो वह अध्यादेश जल्दी ही खत्म होने वाला हो, तब हम को इस को काम में लाना पड़ेगा। इस तरह के कानूनों में हमेशा एक एनेब्लिंग क्लाज रखा जाता है। इस का अर्थ यह नहीं है कि हम कोई बिना परामर्श के कानून बनाने की इच्छा रखते हैं। अभी भी पांच छः कमेटियां इस तरह की चल रही हैं और कई माननीय सदस्य इस में हैं। वह जानते हैं कि हम ने कभी ऐसा नहीं किया। कभी अपवाद स्वरूप ऐसा करना पड़ा हो तो वह दूसरी बात है। नहीं तो साधारण रूप में हमेशा इस कमेटी की मीटिंग बुलायी जाती है और उस में पूरी तरह से विचार-विमर्श किया जाता है और उस के बाद यदि कमेटी पास करती है तभी हम कार्यवाही करते हैं। तो इस तरह की काल्पनिक कठिनाइयों को सामने लाकर विरोध के लिए विरोध करना यह कोई अच्छी प्रवृत्ति का द्योतक नहीं है। इसलिए मैं माननीय सदस्य से कहूंगा कि इस तरह केवल काल्पनिक डर से ऐसी चीजों का विरोध न करें जिन को कि अभी भी हम लोग इतनी कठिन और विषम परिस्थितियों में ठीक तरह से चलाने का प्रयत्न कर रहे हैं।

18 Hrs.

और भी दो-तीन चीजें माननीय सदस्यों ने कही हैं, अपना भाषण समाप्त करने के पहले मैं उन के बारे में भी आपसे कुछ कहना चाहूंगा। माननीय सदस्य श्री द्वारिकानाथ तिवारी जी ने एक बहुत महत्वपूर्ण सवाल के बारे में हमारा ध्यान आकर्षित किया है और वह यह है कि किसानों को जो कर्जे दिये गये थे, उस के ऊपर उन से ब्याज वसूल किया जा रहा है। मुझे मालूम नहीं है कि क्या स्थिति है, किन परिस्थितियों में यह काम किया गया है, कितना उन को कर्जा दिया गया था...

श्री गुणानन्द ठाकुर: कर्ज की हालत वहां पर यह है कि किसानों को पांच-सात- दस वर्ष में जो कर्जा मिला है, अब तक वह सब पूरा कर्जा ब्याज के साथ वसूल किया जा रहा है और स्थिति यह है कि मूलधन से सूद बहुत अधिक हो गया है। आप अन्दाज लगाइये कि इस से किसानों की क्या हालत होगी। मूल धन से सूद दुगना हो गया है। इस लिये आप से अनुरोध है कि अगर आप सूद माफ़ कर देंगे तो इस से

[श्री गुणानन्द ठाकुर]

किसानों का बहुत बड़ा कल्याण होगा और वे आपके आभारी होंगे।

श्री विद्याचरण शुक्ल : माननीय सदस्य तिवारी जी ने जिस चीज़ की तरफ़ ध्यान आकर्षित किया है, मैं उस के लिये धन्यवाद देता हूं। हम लोग इस को अवश्य देखेंगे तथा जांच पड़ताल के बाद जो कुछ इस में हो सकता है वह करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, आदिवासियों का मामला उठाया गया है, मृत्युंजय प्रसाद जी ने ज़मीन का जो एफोरेस्टेशन हुआ है, उस के बारे में कुछ समस्यायें बताई हैं, अराजपत्रित कर्मचारियों के बारे में कुछ कहा गया है—इन सब के बारे में हम लोग देखने की कोशिश करेंग।

श्री फ० गो० सेन (पूर्णिया) : हरिजनों और बैकवर्ड क्लासेज़ के लोगों को जो ज़मीनें मिली हैं, उस में टेनेन्सी एक्ट के अन्दर गवर्नमेन्ट से परमीशन लेकर बेचने का हक़ दिया गया है, लेकिन वे लोग उस ज़मीन को मौर्टगेज कर के रुपया लेकर खेती में नहीं लगा सकते हैं। इस लिये मैं चाहता हूं कि उन को मौर्टगेज करने की पावर भी दी जाय। . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री विद्याचरण शुक्ल : अध्यक्ष महोदय, अधिकारियों के मामलों की जांच करने के लिये कहा गया है। इस में ज़रा भी हस्ताक्षेप करने का हमारा इरादा नहीं है। जो जांच हो रही है, वह ठीक से होती रहेगी तथा जो भ्रष्टाचार के दोषी पाये जायेंगे, उन्हें सजा दी जायगी।

मैं अन्त में सदन से निवेदन करूंगा कि इस विधेयक को पारित करने की कृपा करें. . . . (**व्यवधान**) . . . .

Some Hon. Members *rose.*

MR. SPEAKER : Order, Order. Please sit down. I shall allow one or two Bihar Members who have not spoken to put questions.

The question is :

"That the Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Bihar to make laws, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clause 2 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

Clause 3—(*Conferment on the President of the power of the State Legislature to make laws*).

SHRI BIBHUTI MISHRA *rose.*

MR. SPEAKER : I gave you a chance to speak. You have spoken already. I gave you the first chance in the Congress Party. You should not ask for a second chance. You are a senior Member. If you want you can move your amendments to clause 3.

SHRI BIBHUTI MISHRA : I beg to move :

Page 2, line 4,—

add at the end—

"and the President is authorised to delegate such power to the Council of Ministers" (1)

Page 2,—

(i) line 5,—

for "President" *substitute*—

"Council of Ministers"

(ii) line 7,—

for "he" *substitute*—

"it" (2)

Page 2,—

(i) line 9,—

for "President" *substitute*—

"Council of Ministers"

(ii) line 10,—

for " he " *substitute*—

" it " (3)

Page 2, lines 11 and 12,—

for " forty members of the House of the People "

substitute " fifty-three members of the House of the People belonging to the State of Bihar and twenty members of the House of the People belonging to other States" (4)

Page 2, line 14,—

for " President " *substitute*—

" Council of Ministers " (5)

Page 2, line 24,—

for "President " *substitute*—

" Council of Ministers " (6)

MR. SPEAKER : I shall put the amendments to vote now.

Amendments Nos. 1 *to* 6 *were put and negatived.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

" That clause 3 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 3 *was added to the Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Sir, I beg to move :

" That the Bill be passed."

MR. SPEAKER : Motion moved :

" That the Bill be passed."

Now, those who have not spoken at all may now put questions. Only those ; one or two minutes does not matter.

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : अभी आदिवासियों के बारे में एक प्रश्न किया गया था और वह यह था कि आदिवासियों को कुछ लोग पैसा, धान, आदि और कर्जा देकर एक्सप्लायट कर रहे हैं, चाहे वे महाजन हों या विदेशी मिशनरीज तथा उसी कर्जे की आड़ में लोभ और भय दिखा कर उन का धर्म परिवर्तन हो रहा है बराबर की उड़ीसा सरकार ने इसी बात को ध्यान में रख कर बलात धर्म परिवर्तन रोकने के लिये एक कानून भी बनाया है। यह कोई नई समस्या नहीं है। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार आदिवासियों का कोई लोभ, लालच या कर्जे के दबाव में आ कर उन का धर्म परिवर्तन और उन की संस्कृति के साथ खिलवाड़ न करे, उन की जायदाद जबरदस्ती न छीने—इस दिशा में उड़ीसा सरकार की तरह का कोई कानून बनाने का विचार रखती है ?

श्री क० मि० मधुकर (केसरिया) : चम्पारन के 36 आंचलों में से 14 आंचलों के अन्दर बाढ़ आई हुई है, वहां के कमिश्नर ने भी इस सम्बन्ध में बयान दिया है। न वहां पर मवेशियों के लिये चारे की व्यवस्था है, न दवाइयों की व्यवस्था है और न वहां की राशन की दुकानों पर उचित मात्रा में राशन दिया जा रहा है। क्या मंत्री महोदय जवाब देंगे कि वहां पर मवेशियों के लिये चारा, दवाइयां और राशन की व्यवस्था करने जा रहे हैं या नहीं ?

दूसरा प्रश्न—रमन कमीशन में आपने ऐसे लोगों को बहाल किया है जो प्रशासनिक अधिकारी हैं, जो लोग शिक्षाविद हैं उन को नहीं रखा गया है। क्या आप इस कमीशन में शिक्षाविदों को लाने जा रहे हैं या नहीं ?

श्री क० गो० सेन (पूर्णिया) : हरिजनों और बैकवर्ड क्लास के लोगों से ज़मीन बेचने का अधिकार ले लिया गया है, वे सरकार की परमीशन से ज़मीन बेच सकते हैं। वे लोग यदि लैंड मौर्टगेज कर के लैंड-मौर्टगेज-बैंक से रुपया लेना चाहें, तो बैंक उस ज़मीन को मौर्टगेज नहीं करता है, कहते हैं कि यह तुम्हारा हक़ नहीं है। इस लिये मैं चाहता हूं कि आर्डिनेन्स पास कर के लैंड मौर्टगेज करने का हक़ उन को दिया जाय ताकि वे लोग ट्रैक्टर तथा इम्प्रूव्ड इम्पलीमेन्ट्स खरीद सकें।

दूसरे—रोड्स सेस की जितनी वसूली होती है, वह सरकारी ख़जाने में जमा हो जाती है। पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट बोर्ड का 15–20 लाख रुपया बिहार सरकार के पास बाकी है, जिसकी वजह से पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट बोर्ड का सारा काम रोड्स, ब्रिजेज़, स्कूल्ज़–सफर कर रहा है। इस लिये उस को यह रुपया देने का अवश्य प्रबन्ध किया जाय।

श्री शिवचन्द्र झा (मधुबनी) : अध्यक्ष महोदय, ला एण्ड आर्डर की बात उठाई गई है। इन्होंने अपने जवाब में कहा है कि राष्ट्रपति शासन के बाद से बिहार में डकैतियां और चोरियां कम हो गई हैं। मैं इसी संदर्भ में एक उदाहरण रखना चाहता हूं—सहरसा ज़िले के पटु आहा गांव में एक ऐसी डकैती हुई जो इन्सानियत की सीमा को पार कर गई है। अभी तक वहां कोई खास कार्यवाही नहीं हुई है, वहां एस० पी० अभी तक सस्पेण्ड नहीं हुआ है—मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस की जांच करायें।

दूसरे—ला एण्ड आर्डर कायम करने के लिये एम० पीज़० की एक समिति बनाई गई है। मैं चाहता हूं कि जब तक राष्ट्रपति शासन है इस समिति को ताकत दें। लाट साहब या आठ-सात एम० पीज़ समूचे क्षेत्र में या समूचे ज़िलों में नहीं जाते हैं। इस लिये मैं चाहता हूं कि आप इस समिति को ताकत दें ताकि स्पाट पर जब वे कोई खराबी पायें या कोई खामी देखें या किसी अफसर की डयूटीज़ में कोई लैप्स पायें तथा वे रिकमेण्ड करें तो वह अफसर फौरन सस्पेण्ड होना चाहिये।

तीसरे—जहां तक शिक्षा का सवाल है मिथला यूनिवर्सिटी बनाने की मांग हमारी बहुत दिनों से है, लेकिन अभी तक वह यूनिवर्सिटी नहीं बन पाई है। इसी तरह से दरभंगा ज़िले के मधुबनी के आर० के० कालिज को कांस्टीचुएन्ट कालिज बनाने की मांग बहुत दिनों से है उस के पीछे के कालिज़िज़ को कांस्टीचूएन्ट कालिज बना दिया गया है, लेकिन इस कालिज को नहीं बनाया गया है—इस लिये इस को कांस्टीचूएन्ट कालिज बनाना बहुत ज़रूरी है।

चौथे—पटना में डेफ-एण्ड-डम्ब स्कूल सन 1930 में बना था, इस की हालत आज़ बहुत खराब हो गई है, कोई उस को देखनेवाला नहीं है। मैं चाहूंगा कि जैसे कलकत्ता में डेफ-एण्ड-डम्ब स्कूल बना हुआ है, उसी तरह से इस स्कूल की भी देखभाल की जाय और कोई ऐसा रास्ता निकाला जाय ताकि वह स्कूल भी आगे बढ़ सके।

पांचवे—बिहार के दो करोड़ से भी ज्यादा आदमी मैथिली भाषा चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि मैथिली को संविधान के आठवें शेडयूल में स्थान दिया जाय। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर के मैथिली को संविधान की आठवीं सूची में स्थान दिलायेंगे।

श्री लखन लाल कपूर (किशनगंज) : अध्यक्ष महोदय, प्रेसीडेन्ट रूल के सम्बन्ध

में मुझे मौका नहीं मिला था, इसलिए मेरी प्रार्थना है कि अब मुझे कुछ समय मिलना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : सिर्फ सवाल कीजिए।

श्री लखन लाल कपूर : अध्यक्ष महोदय, प्रशासन के अन्दर जो बैठे हुए हैं, श्री एस० के० लाल, जो पोलिटिकल और पुलिस विभाग में अन्डर सेक्रेटरी हैं उनके सम्बन्ध में 23 तारीख को शुक्ला जी ने यहां पर प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा था कि 57 में जब वे डी० सी० एल आर० थे तब उन्होंने पातेपुर, जिला मुजफ्फरपुर में बिना पैसे के तमाम जमीन का बन्दोबस्त कर दिया और उनके ऊपर कार्यवाही हुई लेकिन तबसे फाइल रखी हुई है। जब संविद की सरकार बनी तो उस अवसर पर डिप्टी चीफ मिनिस्टर ने उनको सस्पेन्ड करने का आदेश दिया और मुख्य मंत्री ने भी उसको एन्डोर्स कर दिया। उसके बाद शोषित दल की सरकार बनी उसने मांग की कि इसकी सफाई मांगी जाए। उस दौरान में वह जवाब देते हैं। उनकी सफाई आ गई है और वह एग्जामिन हो रही है, तो मैं निवेदन करना चाहूंगा कि शोषित दल की सरकार के बाद जब कि भोला शास्त्री का मंत्रिमंडल बना तो उनकी सरकार की तरफ से असेम्बली में जवाब दिया गया कि एक्सप्लेनेशन आ चुका है और एग्जामिन हो रहा है, उसके बाद जून, जुलाई खत्म हो गया और अब अगस्त भी खत्म हो रहा है, तीन महीने बीत गए, अभी तक एग्जामिनेशन ही हो रहा है, समझ में नहीं आता कि क्या एग्जामिनेशन हो रहा है। उन्होंने इतनी बड़ी गड़बड़ी की है, लाखों रुपए की जमीन किसी न किसी के नाम कर दी है और कमिश्नर, कलक्टर, रेवेन्यू बोर्ड के सेक्रेटरी और चीफ सेक्रेटरी सोनी साहब ने फाइल पर रिकमेन्ड किया है कि इनको सस्पेन्ड होना चाहिए। अब वहां पर प्रेसिडेन्ट रूल लागू है, तो मैं पूछना चाहता हूं कि उनको क्यों नहीं सस्पेन्ड किया जाता है और उनके खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है? मैं तो यह समझता हूं कि उनको बचाने की कोशिश की जा रही है।

मेरा दूसरा प्वाइन्ट यह है कि बिहार से बहुत बड़ी मात्रा में जूट निर्यात किया जाता है। सरकार ने जवाब देते हुए कहा था कि किसानों के लिए जूट का दाम कम से कम 40 रुपया मुकर्रर किया गया है। मैं जूट के एरिया से ही आता हूं और मैं बतलाना चाहता हूं कि किसान को जूट का दाम 25 और 30 रुपये के बीच में मिल रहा है। इसी के कारण पिछले साल वहां पर कम जूट बोई गई। जूट की उचित कीमत न मिलने के कारण ही किसानों ने जूट की कम खेती की है। . . . .

अध्यक्ष महोदय : यह थर्ड रीडिंग है।

श्री लखन लाल कपूर : एक बात मैं शुगर इन्डस्ट्री के बारे में और कहना चाहता हूं। आज बिहार का चीनी उद्योग बहुत खतरे में है। चीनी का रेट कम होने के कारण वहां के चीनी उद्योग को खतरा पैदा हो गया है। तीन तीन मिलें वहां से बाहर जा रही हैं। मोहिनी शुगर मिल, दालमिया-नगर शुगर फैक्टरी बाहर जा रही हैं और गुरारू फैक्टरी बन्द पड़ी है। इस सम्बन्ध में सरकार कोई भी कार्यवाही नहीं कर रही है। न तो मिल वाले ही खोलना चाहते हैं और न सरकार ही लेना चाहती है। इसका नतीजा यह है कि वहां पर आज जो लाखों एकड़ गन्ना लगा हुआ है वह बर्बाद होने जा रहा है। सरकार को इस सम्बन्ध में तुरन्त कदम उठाना चाहिए।

SHRI HIMATSINGKA (Godda) : In Santal Parganas, there has been a heavy incidence of leprosy. A certain amount of money has been allotted for that purpose. Will the Government consider the desirability of giving some more amount, because the persons who are suffering are mainly aboriginals ? 3 development blocks have had droughts for the last three years consecutively. Will something be done to render relief to those three areas ?

SHRI LOBO PRABHU (Udipi) : Sir, a charge was very lightly made by my hon. friends here that the missionaries are indulging in converting adivasis with bribes and with other inducements. This charge was made before and the Minister had occasion to say that the State Government had made inquiries even at that time of famine and they found that there were no such instances. I would like the Minister to clarify that there is no such movement to win over adivasis by unfair or illegal means. He should categorically deny that. It is not fair to make this aspersion and to say that one religion is indulging in the plunder of another. It is not fair (*Interruptions*).

श्री सीताराम केसरी (कटिहार) : अध्यक्ष महोदय, कुछ दिन पहले यह खबर लगी कि मुजफ्फरपुर गोली-कांड की जो जांच हुई उसमें न्यायाधीश ने गोली-कांड को अनजस्टीफाइड डिक्लेयर किया। तो मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या जिन लोगों को दोषी ठहराया गया है उस गोली-कांड में, उन पर सरकार कोई ऐक्शन लेने जा रही है।

श्री गुणानन्द ठाकुर (सहरसा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री जी से कहना चाहता हूं कि उत्तर बिहार में, खासकर दरभंगा और सहरसा जिले का ऐसा कुछ हिस्सा है कि कोसी योजना के निर्माण से दोनों तटबन्धों के बीच, लगभग चार सौ गांव पड़ गए। इस सम्बन्ध में वहां की सरकार ने आश्वासन दिया था कि जिन किसानों की जमीन गई है उनको जमीन के बदले जमीन मिलेगी। मकान की जगह मकान, मंदिर की जगह मंदिर मस्जिद की जगह मस्जिद मिलेगी। आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि उन दोनों तटबन्धों के बीच लगभग दो लाख की आबादी है। सौभाग्य या दुर्भाग्य से हमारा घर भी उसी में पड़ता है। पुनर्वास की बात तो दूर रही, उन किसानों को जमीन तोड़ने के लिए जो कर्ज दिया गया था, उस कर्ज की वसूली के लिए सरकार डंडा लेकर खड़ी हुई है और वह भी सूद के साथ। शरणार्थियों की भी वैसी हालत नहीं हो सकती है जैसी कि उन किसानों की हालत है जोकि उन दोनों तटबन्धों के बीच के हैं। मैं गृह मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि कोसी तटबन्धों के बीच के नागरिकों की आर्थिक दयनीय स्थिति के लिए कोई जांच कमीशन बिठायेंगे ? मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि कम से कम, किसानों ने जो कर्ज लिया था उसकी वसूली अगर वे करना ही चाहते हैं तो सूद छोड़ ही देना चाहिए और उन दोनों तटबन्धों के बीच के जो लोग हैं उनको कर्ज से माफी मिलनी चाहिए।

अब मैं यह बताना चाहता हूं कि अफसरशाही का कैसा नंगा नाच हो रहा है। मैं अपने जिले के सम्बन्ध में ही कहूं। मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं हो रही है कि मेरे यहां जो जिलाधीश भेजे गए थे वे उत्तम कोटि के थे लेकिन उनका तुरन्त ट्रान्सफर कर दिया गया, एक साल के ही अन्दर। ला ऐन्ड आर्डर का यह हाल है कि रोज चोरी डकैती और जान माल की लूट हो रही है। जिस घटना का जिक्र श्री झा ने किया वह मेरे क्षेत्र की ही घटना थी। 20 तारीख को एक बी० ए० पास नौजवान को 6 बजे शाम कुल्हाड़ी से काट दिया गया। दूसरे रोज बगल में ही दो आद-

मियों की हत्या कर दी गई। बख्तियारपुर थाने में एक साथ चार-चार खून हुए लेकिन वहां का एस० पी० नहीं बदला गया। मैं आनना चाहूंगा कि पिछली संविद की सरकार ने कितने ट्रान्सफर किए थे।

हमारे यहां के सहरसा जिले के सुपोल अंचल का बी० डी० ओ० 4 आने पैसे तक की घूस लेता है और उसे मार भी लगी है। इस सिलसिले में मैं ने चीफ़ सेक्रेटरी मि० सोहनी को भी लिखा लेकिन उन्होंने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। वह अफसरों से साठगांठ किये रहता है। मैं आप के माध्यम गृह मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि इस बी० डी० ओ० की वह सी० आई० डी० से जांच करवायें। वह एक बहुत ही गलत और भ्रष्ट आदमी है और वह राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं को ग़लत ढंग से फंसा करके भ्रष्टाचार आदि करता है। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इन बातों की ओर ध्यान दें।

श्री चन्द्र शेखर सिंह (जहानाबाद) : अध्यक्ष महोदय, हमारे गया जिले में एक पुनपुन नदी है जिसमें कि पूरे सालों बराबर पानी चला करता है, स्रोत बहता रहता है। आज विगत 20 वर्षों से उस में सुलिस गेट लगा कर, बांध लगा कर नहर निकालने की स्कीम है लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं की गई है। इस स्कीम के पूरा होने से लाखों एकड़ जमीन आबाद हो सकेगी। इस से गया जिला ही नहीं अपितु पटना जिले के तीन चार थाने के अर्थात् पालीगंज, मसौढ़ी और पुनपुन के अन्तर्गत आने वाले इलाक़े उस से आबाद हो जायेंगे। साथ ही जहानाबाद का सबडिवीजन भी उस से आबाद होता है। टिकारी, कुर्था, गोह, कुरपी, जहानाबाद, अंचल आदि आबाद हो जायेंगे। क्या उस स्कीम को पूरा करने पर मंत्री महोदय द्वारा ध्यान दिया जायगा?

दूसरी चीज यह है कि गया जिले में बिजली के अभाव के कारण अकाल होने के कारण कोई ज्यादा सिंचाई की व्यवस्था उस इलाक़े में नहीं है। सिंचाई मंत्री गत वर्ष उस इलाके में बिजली के अभाव और अकाल से जो पीड़ित है उन को और ख़ास तौर से गया जिले को देखने गये थे और उन्होंने तब यह वायदा किया था कि उन इलाक़ों में बिजली के द्वारा सिंचाई का वह अधिक से अधिक प्रबन्ध करेंगे लेकिन उस दिशा में कुछ विशेष नहीं हुआ है और मैं उन से जानना चाहूंगा कि उस इलाके के किसानों को अधिक से अधिक अन्न उपजाने के लिए और अकाल से बचाने के लिए वह क्या व्यवस्था वहां के लिए कर रहे हैं?

गया से टिकारी होते हुए कुरथा, किंजर, पालीगंज होकर पटना जिले को जो पक्की रोड मिलाती है उस में करीब 5–7 मील सड़क अभी कच्ची रहती है और उसे पक्की करने का काम कई वर्षों से पड़ा हुआ है। संविद सरकार के समय में इस पर कुछ काम शुरू भी किया गया था लेकिन जब वह संविद सरकार ख़त्म हुई तो वह काम भी उस के साथ ही ख़त्म हो गया है। मैं जानना चाहूंगा कि क्या मंत्री महोदय गवर्नर के द्वारा उस काम को चालू करवायेंगे?

पटना में अभी फिलहाल आयुर्वेदिक कालिज में जो हड़ताल है उस सिलसिले में 91 छात्र अभी जेल के अन्दर बंद हैं। वह छात्र बी० ए० और एम० ए० पास हैं और डिग्रीधारी हैं लेकिन जेल में उन को उपयुक्त क्लास नहीं दिया गया है। उन के साथ वहां पर दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन के खाने, पीने और रहने आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। तो क्या मंत्री महोदय उधर ध्यान देंगे और

[श्री चन्द्र शेखर सिंह]

साथ ही क्या सरकार उन की उचित मांगों को पूरी करके उन्हें छोड़ने जा रही है?

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक जनतंत्र और संविधान से सम्बन्धित प्रश्न पूछना चाहता हूं। उस पर गृह मंत्री भी ध्यान दें और केरल के वह जो इवर जैनिंग्स साहब यहां बैठे हुए हैं वह भी जरा इस पर ध्यान दें.....

MR. SPEAKER : Why don't you confine yourself to the Bill ? Why do you bring in extraneous things ? He is Shri Govinda Menon ; not Sir Ivor Jennings.

श्री मधु लिमये : मैं क्या करूं उन को यह इवर जैनिंग्स ग्रौफ केरल की पदवी मिली हुई है इसलिए मैंने उन को इस तरह से सम्बोधित किया है।

अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश की आबादी साढ़े 8 करोड़ है और जो कार्यक्रम है उस के अनुसार ऐसा लगता है कि एक साल तक उत्तरप्रदेश में राष्ट्रपति शासन रहेगा। बिहार की आबादी सवा 6 करोड़ से अधिक है और ऐसा लगता है कि वहां 9 महीने राष्ट्रपति शासन रहेगा। पश्चिमी बंगाल की आबादी भी साढ़े 3 करोड़ और 4 करोड़ के बीच में है और वहां भी एक साल तक राष्ट्रपति शासन रहने वाला है। क्या कभी मंत्री महोदय ने इस बात पर सोचा है कि वैसे ही वहां पार्लियामैंट और विधान मंडल होते हुए भी नौकरशाही का साम्राज्य ज्यों का त्यों बना हुआ रहता है। तो जब कि विधान मंडल भी समाप्त है क्या वह जरा बुनियादी तौर पर सोचेंगे ? ऐसी हालत में लोक प्रतिनिधियों का नियन्त्रण राज्य सरकार पर रहे इस के लिए क्या करना चाहिए ? मैं अपनी राय व्यक्त कर रहा हूं कि जब विहार के प्रतिनिधि यहां पर राज्य सभा में और लोक सभा में हैं और उसी तरीके से पश्चिमी बंगाल के और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि यहां पर मौजूद हैं तो क्या उनकी एक छोटी सी पार्लियामैंट यह बनायेंगे और जो अधिकार समूची पार्लियामैंट को या विधानमंडल को होते हैं वह अधिकार उस मिनी पार्लियामैंट को दे देंगे जिसके कि सामने ये शासन और क़ानून के सारे मामले आयें ? क्या केन्द्रीय सरकार सही तौर पर इस पर सोचेगी ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : अध्यक्ष महोदय, बहुत से स्थानीय मामलों के बारे में माननीय सदस्यों ने विवरण दिया है और कुछ प्रश्न उठाये हैं। मैं पहले ही कह चुका हूं कि इस समय मेरे लिए सम्भव नहीं है कि सब स्थानीय मामलों के बारे में मैं कुछ कह सकूं पर जहां पर जांच की आवश्यकता समझी जायगी वहां पर तुरन्त जांच करवाई जायगी और उन पर ध्यान देकर सोचा जायगा कि उन के सम्बन्ध में क्या करना चाहिए।

माननीय सदस्य श्री मधु लिमये ने कुछ और सवाल उठाये हैं। उन का उत्तर बिलकुल संक्षेप में मैं देना चाहता हूं। हमारा उद्देश्य और हमारा प्रयत्न तो यह है कि पहले तो राष्ट्रपति शासन कहीं लागू ही न हो और यदि लागू भी हो तो वह कम से कम समय के लिए लागू हो। हमारा ऐसा प्रयत्न है और उस में यदि आप का हमें सहयोग मिलेगा तो हम अपनी इस इच्छा को पूरा भी कर सकेंगे कि राष्ट्रपति शासन एक तो कहीं लागू न हो और लागू भी हो तो जल्द से जल्द चुनाव करके वहां पर हम जिम्मेदार सरकार की स्थापना कर दें। लेकिन जैसा कि श्री मधु लिमये सुझाव दे रहे हैं अगर वैसा कुछ सुझाव मान लिया जाय तो एक साल के बदले दो, तीन साल तक राष्ट्रपति शासन

चलेगा। इस तरह की जो प्रतिनिधि सभाएं बनाई जायेंगी वह उस का काम देखेंगी। मैं नहीं समझता हूं कि हमारा इस संसद् का यह उद्देश्य हो सकता है कि इस तरह का कोई कार्य किया जाय। यह बात अवश्य है कि जब भी राष्ट्रपति का शासन 6 महीने से ज्यादा चलता है तो इस बात की आवश्यकता महसूस होती है कि किसी तरह का कोई एक प्रजातांत्रिक ढांचा वहां की सरकार चलाने के लिए होना चाहिए और इस में दो राय नहीं हैं पर उस के लिए जो माननीय सदस्य सुझाव दे रहे हैं दवा तजवीज कर रहे हैं उस दवा से तो बीमारी और बदतर हो जायगी। इसलिए असली दवा यह है कि ऐसी चीज होने ही नहीं देनी चाहिए और इस में यदि आप का व अन्य दलों का समर्थन हमें मिले तो मैं समझता हूं कि इस को हम रोक सकेंगे वरना नहीं रोक सकेंगे।

अध्यक्ष महोदय, मुझे और कुछ कहना नहीं है बाकी जो सवाल माननीय सदस्यों ने यहां पर आज उठाये हैं उन पर हम ध्यान देने की कोशिश करेंगे।

MR. SPEAKER : The question is :

"That the Bill be passed."

The Lok Sabha divided :

AYES

Division No. 21] [18.36 Hrs

Agadi, Sh i S. A.
Ahirwar, Shri Nathu Ram
Ahmed, Shri F. A.
Azad, Shri Ahagwat Jha
Bajaj, Shri Kamalnayan
Barua, Shri Bedabrata
Besra, Shri S. C.
Bhagat, Shri B. R.
Bhandare, Shri R. D.
Bhanu Prakash Singh, Shri
Chandrika Prasad, Shri
Chaudhary, Shri Nitiraj Singh
Chavan, Shri Y. B.
Choudhary, Shri Valmiki
Das, Shri N. T.
Dassappa, Shri Tulsidas
Dass, Shri C.
Deshmukh, Shri Shivajirao S.
Dhillon, Shri G. S.
Dhuleshwar Meena, Shri
Dinesh Singh, Shri
Dwivedi, Shri Nageshwar
Gajraj Singh Rao, Shri
Gavit, Shri Tukaram
Gupta, Shri Lakhan Lal
Hem Raj, Shri
Himatsingka Shri
Jadhav, Shri Tulshidas
Jagjiwan Ram, Shri
Jamir, Shri S. C.
Kamble, Shri
Kamala Kumari, Kumari
Kedaria Shri C. M.
Kesri, Shri Sidaram
Kureel, Shri B. N.
Lalit Sen, Shri
Laxmi Bai, Shrimati
Mahadeva Prasad, DR.
Mahida, Shri Narendra Singh
Mahishi, Dr. Sarojini

Master, Shri Bhola Nath
Menon, Shri Govinda
Minimata, Shrimati Agam Dass Guru
Mishra, Shri Bibhuti
Mishra, Shri G. S.
Mrityunjay Prasad, Shri
Naidu, Shri Chengalraya
Pahadia Shri Jagannath
Paokai Haokip, Shri
Parmar, Shri Bhaljibhai
Partap Singh, Shri
Patel Shri Manubhai
Patel, Shri Deorao
Patil, Shri S. D.
Patil, Shri T. A.
Pramanik, Shri J. N.
Radhabai, Shrimati B.
Raju, Shri D. B.
Ram Dhan, Shri
Ram Dhani Das, Shri
Ram Subhag Singh, Dr.
Ram Swarup, Shri
Rana, Shri M. B.
Randhir Singh, Shri
Rao, Shri Thirumala
Raut, Shri Bhola
Reddi, Shri G. S.
Roy, Shri Bishwanath
Sadhu Ram, Shri
Sambasivam, Shri
Sanghi, Shri N. K.
Sankata Prasad, DR.
Sapre, Shrimati Tara
Sayeed, Shri P. M.
Sen, Shri Dwaipayan
Sen, Shri P. G.
Shankaranand, Shri B.
Shashi Bhushan, Shri
Shastri, Shri Sheopujan
Shiv Chandika Prasad, Shri
Shukla, Shri S. N.
Shukla, Shri Vidya Charan
Siddayya, Shri
Siddeshwar Prasad, Shri
Sonavane, Shri
Sudarsanam. Shri M.
Suryanarayana, Shri K.
Tamaskar, Shri
Tiwary, Shri D. N.
Verma, Shri Balgovind
Vyas, Shri Ramesh Chandra

NOES

Abraham, Shri K. M.
Chandra Shekhar Singh, Shri
Desai, Shri Dinkar
Goyal, Shri Shri Chand
Jha, Shri Bhogendra
Jha, Shri Shiva Chandra
Joshi, Shri Jagannath Rao
Kachwai, Shri Hukam Chand
Kameshwar Singh, Shri
Kapoor, Shri Lakhan Lal
Khan, Shri Ghyoo Ali
Kisku, Shri A. K.
Madhukar, Shri K. M.
Misra, Shri S inibas
Mohamed Imam, Shri J.

Puri, Dr. Surya Prakash
Ranga, Shri
Ray, Shri Rabi
Samanta, Shri S.C.
Sharma, Shri Narain Swarup
Sharma, Shri Yajna Datt
Shastri, Shri Prakash Vir
Shastri, Shri Ramavtar
Somani, Shri N. K.
Tyagi, Shri O.P.
Viswambharan, Shri P.

MR. SPEAKER : The result* of the division is : Ayes 91; Noes 26.

The motion was adopted.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, सेक्रेट्री से कह कर यह तो हम को सूचना दिलवा दें कि एक डिवीजन में कितना खर्च होता है। इस की जानकारी हम लोगों को हो जानी चाहिये।

MR. SPEAKER : You put a question.

श्री मधु लिमये : माननीय सदस्य को इस तरह की बात नहीं करनी चाहिये। यह सदस्यों का अधिकार है। इस का क्या मतलब है ?

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मेरा भी अधिकार है यह सूचना जानने का।

MR. SPEAKER : Order, order. We now take up the Half-an-Hour discussion. Shri Raghuvir Singh Shastri.

18.33 Hrs

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

FATHER FERRER'S ACTIVITIES

MR. SPEAKER : We now take up the Half-an-Hour discussion.

Shri Raghuvir Singh Shastri.

SHRI MANUBHAI PATEL : (Dabhoi) : Sir, I may also be allowed to put a question.

MR. SPEAKER : Only 5 names are taken out of the lot. A number of Members have given notice. We pick out only 5 names. That is all.

SHRI MANUBHAI PATEL : Just 2 or 3 minutes.

MR. SPEAKER : It will not be proper. You are unlucky; you did not come in the lot. I cannot make you lucky by my discretion.

18.33½ Hrs

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री (बागपत) : उपाध्यक्ष महोदय, एशिया और अफ्रीका के सारे देशों में जहां विदेशी ईसाई मिशनरियों की गतिविधियां रही हैं, उन का एक ही अनुभव है, और वह यह कि पश्चिमी योरप का जो साम्राज्यवाद इन देशों में आया, यह विदेशी ईसाई मिशनरी उस साम्राज्यवादी शक्ति के अग्रगामी दल की भूमिका हमेशा यहां निभाते रहे। उन्हीं सारी गतिविधियों की एक श्रृंखला यह फादर फेरर या पादरी फेरर का काण्ड है।

फादर फेरर के सम्बन्ध में गत 9 अगस्त को इस सदन में जब चर्चा हुई तब गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री विद्या चरण शुक्ल ने बतलाया कि महाराष्ट्र सरकार को इन पादरी फेरर

*Sarvashri Gunand Thakur and K. P. Singh Dev also recorded their votes for 'NOES'

[श्री रघुविर सिंह शास्त्री]

की गतिविधियों के सम्बन्ध में दो आपत्तियां थीं। एक आपत्ति यह थी कि उन कि गतिविधियों के कारण वहां कानन और व्यवस्था तथा शांति की बड़ी भारी समस्या पैदा हो गई थी, दूसरे यह कि निर्धन व्यक्तियों को प्रलोभन दे कर वह ईसाई बना रहे थे। इसी के साथ साथ जब महाराष्ट्र सरकार की मांग पर केन्द्रीय सरकार ने यह स्वीकार किया कि फादर फेरर को चला जाना चाहिये, तब इस सरकार ने एक बड़ी विचित्र बात कहीं। उन्होंने कहा कि ठीक है, महाराष्ट्र सरकार उन की गतिविधियों को आपत्तिजनक समझती है, इस लिये यह एक या दो महीने के लिये विदेश चले जाये, परन्तु उस के बाद यदि और कोई राज्य यह चाहेगा कि वह हमारे यहां रहें, तो केन्द्रीय सरकार को इस मामले में कोई आपत्ति नहीं होगी और वह उस के लिये अनुमति दे देगी।

इसी प्रसंग में फादर फेरर और जो उन के समर्थक लोग हैं उन का भी एक पक्ष है। वह यह कहते हैं कि फादर फेरर कभी भी ईसाई प्रचारक के रूप में काम नहीं करते थे। उन का यह भी कहना है कि उन का मुख्य काम गरीब किसानों की सेवा करना, उन के लिये कुंए बनवाना, उन के लिये बिजली के कनेक्शन, उन के लिये उर्वरक, अच्छे बीज और खेती की उन्नति का प्रबन्ध करना आदि है। यही फादर फेरर की गतिविधियां हैं, इस लिये उन के भारत में रहने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये। वह तो मानव सेवा के पवित्र काम में लगे हुए हैं।

परन्तु मैं आप से कहना चाहता हूं कि सब से पहले हमें यह देखना होगा कि फादर फेरर के जीवन का मुख्य उद्देश्य और उन का मुख्य कार्य क्या है। यह स्पेनिश मिशनरी सन् 1952 में भारत में आया और सन् 1958 से मनमाड, महाराष्ट्र में रह रहा है। आप केवल एक ही प्रमाण इस के लिये देख लें कि यह कितनी ईसाई संस्थाओं का प्रतिनिधि है। उसी से पता चल जायेगा कि उस के जीवन का मुख्य ध्येय ईसाई मिशन का प्रचार करना है। यह फादर फेरर सोसायटी आफ जीज़स के मेम्बर हैं, यह फादर फेरर रोमन कैथोलिक हायरार्की के मेम्बर हैं। इन फादर फेरर के सम्बन्ध में कैथोलिक डाइरेक्ट्री, 1964 के पेज 267 पर लिखा हुआ है। उन का नाम वहां इस रूप में लिखा हुआ है:

".....as the preiest in charge of the parish of Manmad in the diocese of Poona and in the Archdiocese of Bombay."

इस के साथ ही उन्होंने 1965 में अपने लिये फंड्स की अपील की थी। कैनाडा का जो अखबार "वैंकुअर सन" है उस में एडवर्टाइजमेंट निकला था। उस एडवर्टाइजमेंट में यह कहा गया था कि फादर फेरर भारत में वहां के लोगों को ईसाई बना रहे हैं और वहां ईसाई मत का प्रचार कर रहे हैं। इस के लिये उन्हें रुपया चाहिये। वहां के लोग गरीब हैं, उन्हें खाना और कपड़ा देने के लिये रुपया चाहिये। फादर फेरर 10 हजार व्यक्तियों को ईसाई बना चुके हैं और 250 नौजवान उम्मीदवार हैं जिन के लिये 'होपफुल' लिखा हुआ है। वह उन के बोर्डिंग और लाजिंग के इन्चार्ज हैं। इस के लिये उन्हें रुपया चाहिये। इस तरह का ऐडवर्टाइजमेंट कैनाडा के "वैंकुअर सन" में निकला था 1965 में। इस के लिये फादर फेरर ने यह कहा कि यह उन के किसी मित्र ने निकलवा दिया है, उन्होंने नहीं

निकलवाया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि भले ही फादर फेरर ने उसे न निकलवाया हो, किसी और ने निकलवाया हो, लेकिन फादर फेरर ने उस का प्रतिवाद नहीं किया कि उन को फंड्स नहीं चाहियें। उन्होंने इस बात का खण्डन नहीं किया, यह नहीं कहा कि वह इस के विरोध में हैं और उस का प्रतिवाद करते हैं। हमारे मित्र श्री लोबो प्रभू यहां बैठे हुए है। वह भारतीय ईसाई हैं, हमारे रक्त बन्धु हैं, वह और उन के साथी ईसाईयत का प्रचार करें, हमें इस में कोई आपत्ति नहीं हैं। लेकिन जब भी यहां ईसाई मिशनरीज का जिक्र होता है, उन की आपत्तिजनक गतिविधियों का उल्लेख होता है, उन्हें वह बड़ा कटु लगता है और वह बड़े बेचैन हो जाते हैं। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि अगर फादर फेरर ईसाई प्रचारक नहीं हैं तो उन को क्यों परेशानी होती है? क्यों कैथोलिक चर्च का लाखों रुपया उन के लिये एजिटेशन करने में खर्च किया जा रहा है कि उन को यहां ही रक्खा जाये? अगर कैथोलिक चर्च को उन में कोई इंटरेस्ट नहीं है, ईसाईयत के प्रचार में कोई इंटरेस्ट नहीं है तो क्यों लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं और क्यों इतना साहित्य बांटा जा रहा है? अगर फादर फेरर ठीक रूप से इस देश की सेवा में लगे हुए हैं, तो जिन धार्मिक संस्थाओं में वह काम कर रहे हैं, फर्ज कीजिये कि वे उन को वापस बुलाना चाहें तब क्या वह भारत में रहेंगे? मैं कहना चाहता हूं कि सारा मनमाड और सारा महाराष्ट्र भी उन को रोकना चाहें, और इस के लिये अपील कर, तो भी अगर फादर फेरर के धार्मिक उच्चाधिकारी उन को वापस बुलाना चाहें तो वह यहां नहीं रहेंगे। इन सब बातों से मैं सिद्ध करना चाहता हूं कि फादर फेरर इस प्रकार ईसाई प्रचारक ही हैं और उन के जीवन का यही मुख्य काम है। कहा जाता है कि किसानों के हित में इन्होंने काफी काम किया है, किसानों के हित में उन्होंने वहां महाराष्ट्र में एक शेतकारी सेवा मंडल बना रखा है। इस मंडल ने वहां पर एक ट्रस्ट भी बना रखा है। इस ट्रस्ट के पास लाखों रूपया, बताया जाता है कि बाहर से आता है। पादरी फेरर ने अब तक बताया जाता है कि अपने काम के लिए चार करोड़ रुपया खर्च किया है। मैं लिस्ट दे सकता हूं कि जितना रुपया पादरी फेरर के पास आता है वह सारे का सारा ईसाई संस्थाओं से आता है और विदेशी ईसाई संस्थाओं से भी आता है। जो संस्थायें उनको रुपया दे रही हैं उन में एक स्पेनिश संस्था है, एक जर्मनी की संस्था है। इस देश का कैथोलिक चर्च और दूसरी जो ईसाई संस्थायें हैं वे भी उनको धन दे रही हैं। हमारे देश में आज जनमत तैयार हुआ है कि इस देश के धनिकों को भी पैसा दे कर जो राजनीति पर वे प्रभाव डालने की कोशिश करते हैं उससे रोका जाए। मैं कहना चाहता हूं कि जब इस देश के बिड़ला, टाटा तथा दूसरे धनिक लोग भी अगर देश में पैसे का इस तरह से नाजायज तौर पर इस्तेमाल करते हैं और लोग इस पर एक प्रकार की आपत्ति पैदा करते हैं तो यह जो विदेशी रुपया बाहर से आ रहा है इस विदेशी रुपये का गांवों में, गरीब लोगों को काबू करने के लिये इस्तेमाल करते हैं पादरी फेरर जैसे लोग, तो यह आपत्तिजनक क्यों नहीं समझा जाना चाहिये।

यह जो सेवा मंडल है इसकी एक गर्वनिंग बाडी भी है। इससे आपकी आंखें खुल जानी चाहिये कि इस में एक भी किसान नहीं है, एक भी किसान इसका वोटर नहीं है।

जब से यह संस्था बनी है इसकी जनरल बाडी की कोई मीटिंग नहीं हुई है। इसके जितने पदाधिकारी हैं सभी सरकारी कर्मचारी हैं। रिजर्व बैंक के एक बहुत बड़े अधिकारी इसके चेयरमैन हैं। बम्बई गवर्नमैंट के एक बहुत बड़े अधिकारी इसके वाइस चेयरमैन हैं। कस्टम्ज डिमार्टमेंट के एक अधिकारी इसके कोषाध्यक्ष हैं। पादरी फेरर को जब उनकी राष्ट्र विरोधी कार्रवाइयों को देखते हुए बाहर निकालने की कोशिश हो रही थी तो इन अधिकारियों ने इसके विरुद्ध बड़ा भारी आन्दोलन भी किया। अधिकारी गण इस संस्था के सदस्य अथवा पदाधिकारी बनें इस पर मुझें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन जब पादरी फेरर को निकाला जा रहा था तो उन्होंने जो आन्दोलन में भाग लिया क्या यह आपत्तिजनक नहीं है?

पादरी फेरर यहां सोलह साल से रह रहे हैं और दस साल से मनमाड जिले में रह रहे थे। अब महाराष्ट्र सरकार ने मांग की है कि इनको निकाला जाए। केन्द्रीय सरकार ने कहा है कि अगर आप मांग करते हैं तो हम इसको निकाल देंगे लेकिन और कोई राज्य इनको अपने यहां रखना चाहे तो यह रह सकते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि विदेशी व्यक्तियों को रखने का या न रखने का अधिकार केन्द्रीय सरकार को है या राज्य सरकारों को है। अगर राज्य सरकारों को है तो मान लो कल को लोबो प्रभू जी किसी प्रदेश के चीफ मिनिस्टर बन जाएं तो ये तो पादरी फेरर को कहेंगे ही कि रखना चाहिये। जिस आदमी के सम्बन्ध में यह निश्चित हो गया है कि उसकी उपस्थिति देश की दृष्टि से आपत्तिजनक है तो फिर वह महाराष्ट्र में भी आपत्तिजनक है, गुजरात में भी आपत्तिजनक है और दूसरे प्रदेशों में भी आपत्तिजनक है। इसलिए यह अधिकार केन्द्रीय सरकार का है कि वह देखे कि किसी विदेशी की गतीविधियां देश में किस प्रकार की चल रही हैं, उसकी उपस्थिति देश के लिए अच्छ है या नहीं है और यह फैसला केवल केन्द्रीय सरकार के हाथ में रहना चाहिये कि कोई विदेशी भारत में रहे या न रहे। अगर राज्य सरकारों को इस तरह का अधिकार दे दिया गया और इस तरह की परम्परा डाल दी गई तो आगे चल कर इसके भीषण परिणाम होंगे।

एक और बात है। लोगों के दिल में यह बात जरूर है कि पादरी फेरर की आपत्तिजनक कार्रवाइयां क्या पिछले दस साल से चालू नहीं थीं? और चूंकि इस दफा उन्होंने राजनीतिक रूप से महाराष्ट्र सरकार जो उन से इच्छा करती थी वैसा काम न करके दूसरे लोगों को सहयोग दिया है इस वास्ते वह उनको वहां से निष्कासित करना चाहती है। मैं चाहता हूं कि गृह मंत्री मेरी बातों का जवाब देते समय जरा इस बात का भी उत्तर दें कि उनकी गतिविधियां 1967 और 1968 में ही आपत्तिजनक हुई हैं या पहले से भी आपत्तिजनक चली आ रही थीं और अगर पहले से थीं तो केन्द्रीय सरकार का यह काम था कि वह अपने विभाग द्वारा विदेशी व्यक्तियों की गतिविधियों का ध्यान रखती और उनके खिलाफ पहले से स्वयं कार्रवाई करती।

मैं चाहता हूं कि गृह मंत्री जब उत्तर दें तो इन सब बातों का स्पष्टीकरण

करें ताकि सारे देश के सामने और सदन के सामने पूरी स्थिति आ जाए और रुपया कहां से आता है, कौन सी संस्थायें हैं जो देती हैं और कितना देती हैं इन सब बातों की जानकारी सदन को और देश की जनता को हो जाए और हमारे मित्र लोबो प्रभु जी के मन में जो व्यथा है जो बेचैनी है वह भी जरा दूर हो जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री शुक्ल।

श्री जगन्नाथ राव जोशी (भोपाल) : मैंने भी सवाल पूछना है। पीछे अध्यक्ष महोदय ने कहा था कि पहले जो प्रोसीजर चलता था वही अब भी चलता है।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The hon. Minister....(*Interruptions*). I am following the procedure. First he will reply now. If you want I shall read out the rule. I am following this procedure every time. I am going to stick to this procedure, unless the Rules Committee changes the rule.... (*Interruptions*). I am not going to alter the procedure. Please do not take the time of the House.

SHRI N. K. SOMANI (Nagaur) : We should put the questions first so that the Minister will answer them.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I shall read out the rule for the benefit of the Members. I am following this rule.

> "There shall be no formal motion before the House nor voting. The member who has given notice may make a short statement and the Minister concerned shall reply shortly. Any member who has previously intimated to the Speaker may be permitted to ask a question for the purpose of further elucidating any matter of fact :"

SHRI LOBO PRABHU (Udipi) : When? It should be asked before the Minister begins to reply. (*Interruption*)

SEVERAL HON. Members *Rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER : You can take up the matter with the Rules Committee. I am bound by this procedure. I am not going to alter it today. Unless the Rules Committee changes it, I am not going to submit to your requests.

SHRI SHRI CHAND GOYAL (Chandigarh) : We do not want to challenge your ruling. But this is how the rules have been interpreted by the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER : This is the practice followed in this House. I will not permit questions now.

SHRI SHRI CHAND GOYAL : The practice is that the questions are asked first.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have followed it on several occasions. I have done it on several occasions. About putting questions also, there is a procedure. Those who want to put questions, their names are balloted No other Member is permitted.

SHRI SHRI CHAND GOYAL: We agree there. But here, it is only the question of time, the time when we should put the questions.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I am not going to change the procedure.

SHRI SHRI CHAND GOYAL : We must put the questions before the hon. Minister rises to reply to the debate.

SHRI N. DANDEKER (Jamnagar): Sir, may I make a submission? The day before yesterday, I participated in a similar discussion which was initiated by Mr. Jyotirmoy Basu, and I must—

MR. DEPUTY-SPEAKER : It was a discussion under rule 193. That is different.

SHRI N. K. SOMANI : In half-an-hour, discussions, we have done this before; putting the questions before the Minister rises to reply.

SHRI BAL RAJ MADHOK (South Delhi) : We do not question your ruling, but my submission is that a number of times it has been done; the practice was different. You follow a different practice.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Would you advise me to by-pass the procedure? Would it be in the interests of the House to by-pass the procedure? I cannot do it. Mr. Vidya Charan Shukla.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the matter regarding Father Ferrer has been agitated in this House many times. (*Interruption*)

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : इन्हीं की भाषा में उत्तर दीजिये न।

श्री विद्याचरण शुक्ल : इस प्रश्न पर कई बार सरकार की स्थिति को स्पष्ट किया जा चुका है। अब जो शास्त्री जी ने प्रश्न उठाया है उसके उत्तर में मुझे कोई नई बात नहीं कहनी है। यह बिल्कुल साफ बात है कि उनकी गतिविधियां महाराष्ट्र के उस इलाके में जहां वह काम करते थे, राज्य सरकार द्वारा आपत्तिजनक पाई गई हैं और राज्य सरकार की सिफारिश हमारे पास आई है कि उन्हें वहां से हटाया जाए। इसके बारे में विचार-विमर्श हुआ और माननीय सदन को यह बात ज्ञात है कि जब यह मामला सामने आया तो कई तरह की रायें भी हमारे सामने आई। यहां भी जब यह प्रश्न उठा तो बहुत से माननीय सदस्यों ने यह कहा कि उनका भारत में रहना भारत के हित में है, उन्होंने स्थानीय लोगों के लिए बहुत काम किया है और जो उनके काम हैं वे जनहित के काम हैं और उन्हें हटाने की जरूरत नहीं है। बहुत से दूसरे माननीय सदस्यों ने यह कहा कि उनकी जो कार्रवाइयां हैं वे राष्ट्रद्रोही कार्रवाइयां हैं और उनको यहां रहने देने से नुक्सान होगा। सब चीज को देखते हुए हम लोगों ने यह तय किया कि जिस स्थान पर उनके रहने से इस तरह की कंट्रोवर्सी उत्पन्न हुई है, उचित यह होगा कि उनको उस स्थान से अलग कर दिया जाए। हम ने कहा कि महाराष्ट्र छोड़ कर जो राज्य सरकार आपको मंजूर करे, वहां आप जाना चाहें तो जा सकते हैं, हमें कोई आपत्ति नहीं होगी—

श्री ओम प्रकाश त्यागी : क्यों ?

श्री विद्याचरणशुक्ल : मैं पृष्ठभूमि बता चुका हूं। उनके बारे में विभिन्न प्रकार की राय थी। कुछ लोग कहते थे कि उनकी कार्रवाइयां आपत्तिजनक हैं और कुछ कहते थे कि वे जनहित में हैं। यह सारा मामला देश के सामने और राज्य सरकार के सामने साफ था। हम लोगों ने अपनी तरफ़ से इस बारे में कोई राय बना कर उस को लागू करने की बात अभी तक नहीं की है, केवल इस लिए कि हम यह नहीं चाहते कि कोई इस तरह की बात उठाई जाये, जिस के बारे में कुछ कारणों से हमारे देश में इतनी बड़ी कान्ट्रोवर्सी उत्पन्न हुई है, जिस की आवश्यकता नहीं थी। इस कारण हम ने इस बारे में निर्णय करने का प्रश्न राज्य सरकारों के डिसक्रीशन पर छोड़ दिया। यदि कोई जिम्मेदार राज्य सरकार यह जान कर भी कि उन के एक जगह रहने से क्या नतीजा निकला और उन की गतिविधियां कैसी रहीं— उस को सब रिपोर्ट राज्य सरकारों के पास है, लेकिन यदि जरूरत हो, तो हम वह रिपोर्ट उन

के पास भेज सकते हैं—उन को अपने यहां बुलाना चाहती है, तो हम उस पर कोई आपत्ति नहीं करना चाहते। यही हमारी स्थिति है, जिस को मैं फिर से दोहरा रहा हूं।

आज हमारे पास जो सूचना है, उस के अनुसार उन्होंने आवेदनपत्र के द्वारा फिर से वीसा की मांग की है और कहा है कि वह गुजरात या आन्ध्र प्रदेश में काम करना चाहेंगे। उन की जो मांग है, उस को हम ने सम्बन्धित सरकारों के पास भेजा। गुजरात सरकार ने हमें कहा है कि वह उस को मन्जूर करने के लिए तैयार नहीं है। आन्ध्र प्रदेश सरकार की तरफ़ से अभी हमारे पास कोई सूचना नहीं आई है कि वह उन को लेने के लिए तैयार है या नहीं। यदि आन्ध्र प्रदेश सरकार इस के लिए तैयार हो जाती है, तो फ़ादर फेरर आन्ध्र प्रदेश में काम करें, इस में हमें जरा भी आपत्ति नहीं है। यदि वह तैयार नहीं होती है, तब फादर फेरर को किसी दूसरी राज्य सरकार की शरण में जाना पड़ेगा, इस बारे में पूछ-ताछ करनी पड़ेगी; जब कोई राज्य सरकार उन को लेने के लिए तैयार होगी, तो हम उन के आवेदनपत्र पर विचार कर सकते हैं। इस वक्त यही हमारी स्थिति है।

जहां तक नागालैंड और दूसरी सीमावर्ती जगहों का सवाल है, उन के सम्बन्ध में नीति बिल्कुल अलग है। वह नीति बिल्कुल साफ़ है कि हम वहां पर किसी विदेशी को नहीं जाने देते हैं, चाहे वह मिशनरी हो, कोई व्यापारी हो या कोई और हो। सीमावर्ती इलाकों में किसी विदेशी को रहने देने की हमारी नीति नहीं है। नागालैंड आदि का तो सवाल नहीं उठता है। ऐसी दूसरी जगहों के लिए, जहां सुरक्षा का कोई प्रश्न नहीं हो सकता है, यदि हमारे पास कोई आवेदनपत्र आयेगा, तो हम सम्बद्ध राज्य सरकारों से परामर्श कर के उस के बारे में विचार-विमर्श करेंगे।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रश्न को कोई राजनैतिक प्रश्न नहीं बनाया जाना चाहिए। प्रश्न तो केवल यही है कि कोई विदेशी हमारे देश में आ कर किस तरह से, किस ढंग से कार्य कर सकता है और किन नियमों के अन्तर्गत, किस परिधि में रह कर उसे रहना चाहिए और काम करना चाहिए। यदि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी देश का हो, उन परिधियों और नियमों का उल्लंघन करता है, तो उस के साथ कैसा व्यवहार हो, यह सोचने बिचारने की बात है। इन सब बातों पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर के हम ने तय किया है कि यदि कोई राज्य सरकार उन्हें लेना चाहती है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है कि वह आयें। इस वक्त भी बहुत से, हज़ारों, विदेशी मिशनरी भारतवर्ष में काम कर रहे हैं। कई बहुत अच्छे तरीके से काम कर रहे हैं। उन के काम करने पर कोई आपत्ति नहीं है। हम उन्हें यह नहीं कहते कि वे चले जायें और यहां पर काम न करें। बल्कि वे यहां पर निर्विघ्न अपना काम करते हैं और जब तक वे ठीक तरह से काम करते रहेंगे, विघ्न डालने का कोई प्रश्न ही नहीं है। जब कभी कोई ऐसी बात की जायेगी, जो नियमों, कानून, जनहित और देशहित के ख़िलाफ़ हो, तो हम उन के विरुद्ध अवश्य कार्यवाही करेंगे। इसी नीति के अन्तर्गत हम फादर फ्रेरर का मामला तय करना चाहते हैं। यही हमारी नीति है।

SHRI N. K. SOMANI: Before putting my question, I would like to correct one point erroneously made by Mr. Shastri. He said, not a single

[Shri N.K. Somani]

pie has been contributed by the oca farmers. I wish he was sure o the facts. I have spent a considerable time at Manmad talking to thousands of people of that area. I wish senior members are sure of the facts before making such sweeping allegations. A sum of Rs. 5 lakhs, which both Mr. Shastri and myself cannot collect in our area for developmental activities, was donated willingly and voluntarily by the peasants of Manmad area towards his activities. The accounts of the Maharashtra Shetkari Mandal are not maintained by somebody who is not a professional person. Day-to-day accounting is kept by a professional accountant, who has worked for 20 years in the Reserve Bank.

It is very painful that some vested interests are conducting a vitriolic campaign against Father Ferrer, whom I consider to be a saintly and honourable person. Right under the nose of the Minister in the Union Territory, obnoxious pamphlets denoting the fanaticism of a certain section of the Hindu Society are being freely distributed, which are directly contrary to the accepted secular pattern of this country and against the national integration conference recently held in Srinagar.

I will just quote only one headline because it is relevant.

SHRI SONAVANE (Pandharpur) : Sir, I rise to a point of order. You are strictly following the rules. He can only put a question. Let him put his question.

SHRI N. K. SOMANI : I have to correct the background because erroneous information has been given to this House. It says :

"भारत को ईसाई साम्राज्यवाद से बचाइये हिन्दुओ ! उठो, जागो, नहीं तो शत्रु शक्तियां आप की बहुसंख्या को समाप्त कर देंगी ।"

This is being freely distributed in the Union Territory of Delhi, in New Delhi the capital of India, for which no action, in spite of several meetings in Srinagar and elsewhere, is being taken. Based on the report of the Government of Maharashtra and the mere fact that he has been made a pawn of controversy he has been asked to leave the shores of India. If certain Cabinet Ministers and other personalities become controversial in this country would the Prime Minister or anyone ask them to go out because they are controversial? We have to recognise the fact that he has done tremendous developmental activities. Since the Prime Minister had promised to us herself that an independent inquiry on behalf of the Central Government would be conducted into the affairs and allegations against Father Ferrer, would the Home Minister be prepared to lay the report on the Table of the House so that the House will be in the know of the facts? Secondly, Father Ferrer has voluntarily made an application to be made an Indian citizen if nothing tangible is found against him. Will the Government of India consider to grant him Indian citizenship so that he becomes at par with all of us and subject to the laws, rules and regulations of this country?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I am surprised that Shri Somani should have compared a foreigner with an Indian citizen. It is absolutely wrong. No foreigner in his rights or duties can be on a par with Indian citizens. This is not the way to argue. Secondly, as far as the independent inquiry is concerned, we have made such inquiries from our own sources. Such reports are never laid on the Table of the House, nor are they made public. We are also quite clear that it will not be in the interests of either Father Ferrer or in the interest of the local people if he stayed and worked there. In view of that he was asked to go. I am not at present aware of his application for Indian citizenship. If it comes to us we will consider it on merits.

श्री श्रीचन्द गोयल : उपाध्यक्ष महोदय, प्रश्न पूछने से पहले मैं यह बात स्पष्ट

करना चाहता हूं कि मैं ईसाई धर्म के अनुयायिओं का विरोधी नहीं हूं। मैं ने स्वयं एक मिशन कालेज में शिक्षा पाई है। लेकिन इस के साथ साथ मैं यह चाहूंगा कि ईसाई पादरी कोई इस तरह की कार्यवाही देश में न करें, जो देश के लिए विघटनकारी और विध्वंसकारी हो, देशहित-विरोधी हो।

महाराष्ट्र में कांग्रेस की सरकार है और उस सरकार की रिपोर्ट है कि फादर फेरर की गतिविधियां देश-विरोधी और देश के लिए विघातक और विध्वंसकारी हैं। जब एक व्यक्ति की गतिविधियां एक प्रदेश में आपत्तिजनक पाई जाती हैं, तो उस को किसी दूसरे प्रदेश में जा कर काम करने की इजाजत देना उचित नहीं कहा जा सकता है। फ़ारसी में कहावत है, "आज़मूदा रा आज़मूदन जहल अस्त," यानी जिस आदमी की हम ने आज़माइश कर ली, दोबारा उस का फिर इम्तहान लेना ग़लती और मूर्खता है। तो एक प्रदेश के अन्दर जिस की गतिविधि इस प्रकार की पाई गई, मैं यह जानना चाहता हूं कि भारत सरकार किसी दबाव के तहत क्यों इस बात का प्रयत्न कर रही है, कैसी गुजरात सरकार के ऊपर दबाव डालती है, कभी आन्ध्र प्रदेश सरकार से पूछती है कि वह फादर फेरर को स्वीकार करेंगे या नहीं? क्या वह यह सिद्ध करना चाहती है कि महाराष्ट्र सरकार की जो कार्यवाही है वह गलत है? आप को तो पता होगा कि एक पुस्तक अगर अवैध घोषित हो जाय तो क्या उस का मतलब यह नहीं होता कि सारे देश के लिए वह पुस्तक अवैध मानी जाती है? इसलिए एक व्यक्ति जिस को देश से बाहर भेजा गया उस के लिए मैं समझता हूं कि दबाव के तहत जो इस प्रकार का प्रयत्न हो रहा है वह गलत है।

19 hrs.

दूसरी चीज यह है कि विदेशों के अन्दर फिल्में दिखायी जा रही हैं, अभी एक शख्स वेंकटेश्वर राय यू० एस० ए० गए हुए थे वहां उन्होंने यह डाक्यूमेंट्री फिल्म देखी कि फादर फेरर ने बहुत योग्य काम किया है और उस के साथ साथ उस में यह दिखाया गया कि भारतवर्ष के लोग अज्ञानी हैं, वह जाहिल हैं, अनसिविलाइज्ड हैं और गरीब लोग हैं, उन के लिए धन इकट्ठा किया जाय। उस डाक्यूमेंट्री के द्वारा यह दिखा कर धन इकट्ठा करने का प्रयत्न वहां हो रहा है। मैं यह कहता हूं कि यह भारत के स्वाभिमान के लिए किसी तरह सहय नहीं हो सकता कि इस तरह से भारतवासियों को गरीब, निर्धन और असभ्य दिखा कर धन इकट्ठा किया जाय, हम इस की निन्दा करते हैं। हमें इस प्रकार के धन की बिलकुल आवश्यकता नहीं है। तो क्या मंत्री महोदय इस बात का भी प्रबन्ध करेंगे कि इस तरह से जो मिलने वाला धन है वह भारत को बिलकुल नहीं चाहिए और इस तरह की जो फिल्म्स हैं जो भारत के लिए बदनामी का कारण बनती हैं वह न दिखायी जायें?

श्री विद्याचरण शुक्ल: उपाध्यक्ष महोदय, दबाव का इस मामले में कोई प्रश्न नहीं है। मैंने पहले ही साफ कर दिया था कि हम लोगों ने स्वयं की अपनी जांच पड़ताल की है और महाराष्ट्र सरकार की अपनी सिफारिशें हैं, इन सब बातों को सोच विचार कर के हम ने निर्णय लिया है। जहां तक दूसरे प्रदेशों में जाने का सवाल है, मैंने अभी बताया था कि किन कारणों से हम ने इस बात का निश्चय किया कि दूसरे प्रदेशों में जाना चाहें तो जा सकते हैं। उस के बारे में मैं दोबारा अपने उत्तर को दोहराना नहीं चाहता।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Lobo Prabhu.

SHRI LOBO PRABHU: Whatever we have to find.....

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : सारे क्वेश्चंस उधर से ही हो रहे हैं, इधर से भी तो किसी का होना चाहिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is based on the ballot. You can see the report of the ballot. It is open for all.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : यह बैलट कैसा है कि एक ही तरफ के सारे लोग उस में आते हैं ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : What can I do?

SHRI LOBO PRABHU : Whatever we have to find against Father Ferrer rests on the ground that he is misusing his position or indulging in conversion by the use of money and other unlawful means. On the last occasion when this point was raised and the Minister made a statement that this allegation had been made by the Maharashtra Government, I wrote and enquired from him whether it had been checked by the Central Government, as he had promised. Now I repeat that question because there has been no reply to my letter, which is more than two weeks old. It is not classified information and, as he himself on that day maintained, unclassified information should be available to the members of the House.

The second point that has been raised is that Christianity is all right, but foreign missionaries are not welcome in this country. He has to face this question how many foreigners are there in this country, how many foreign experts are here in this country. I hope none of my good friends has been treated by a foreign doctor or educated by a foreign teacher. Now, why make a distinction in the case of missionaries? What is wrong with a man coming to this country to help the people, to look after the education, to give them medical relief? It is with a sense of service that they come to you. That is the question I want to ask.

We are a very small community, just 2 per cent as against 84 per cent Hindus. Is it consistent when you say that you are afraid of 2 per cent of this population which is dedicated to your service? I am going to say, it is for us to have foreign Christian missionaries who come for service. They are not coming for ruling us. I entirely agree that if they come for ruling us, not for giving service....

SHRI OM PRAKASH TYAGI : What are they doing in Nagaland and Mizoland?

SHRI LOBO PRABHU : Whatever they are doing in Nagaland and Mizoland, if that is against the interests of this country, I shall be the first to demand that action should be taken against them. But, do not indulge in unestablished conclusions. Consistently with your great religion, do not be intolerant. We are a great House, a sovereign House. The best people are here and let it not be said of us that we did not enjoy the feeling of tolerance which is the greatness of Hinduism.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: There is not much for me to reply, but I would like to state in a nutshell our policy regarding the foreign missionaries in the country.

The policy decision regarding foreign missionaries was taken by the Cabinet in 1954 under the presidentship of the late Prime Minister, Pandit Jawaharlal Nehru, and when a very distinguished Indian Christian, Rajkumari Amrit Kaur, was also member of the Cabinet. She was also present in that Cabinet meeting. According to that Cabinet decision, a policy has been laid down and that policy we are strictly following. The

main feature of that policy is that there should be progressive in Indianisation of the missions working here.

SHRI LOBO PRABHU : Agreed.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: More and more Indians should work in these missions. There would be no hindrance to any legal and voluntary conversion but whenever the work can be done by an Indian, we need not import a foreigner for it. Anything which could be done by an Indian, for that we do not normally allow a foreigner to come, unless there are other reasons and circumstances which we have to take into account for some time. But it is our main policy which we follow and intend to follow in future also.

SHRI LOBO PRABHU : Have the charges been confirmed? That has not been replied to.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I have already replied to that earlier. We made our own inquiries about these activities of Father Ferrer and we also came to the conclusion that it would not be proper for him to continue in that area where he was working.

SHRI LOBO PRABHU : Was it confirmed?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Jagannath Rao Joshi.

श्री जगन्नाथ राव जोशी : मुझे बड़ी खुशी है कि स्वयं मन्त्री महोदय ने इस बात को स्वीकार किया है कि विदेशी मिशनरीज़ को सीमावर्त्ती प्रदेशों में हम जाने नहीं देंगे ।

That means, he himself accepts that foreign missionaries are a risk to the border areas.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I said that we do not allow any foreigner, whether missionary or non-missionary, to go into those restricted areas.

श्री जगन्नाथ राव जोशी : अंग्रेज के जमाने से यह शब्द हम कितनी बार सुनते आये हैं कि:

"Foreign missionaries are the forerunners of British Imperialism."

मैं समझता हूं कि माननीय शुक्ल महोदय ने भी यह बात सुनी होगी । यह केवल एक फारेन मिशनरी का सवाल नहीं है, अच्छे और बुरे का सवाल नहीं है । अंग्रेज बहुत अच्छे थे, इतना होने के बाद भी गांधी जी के नेतृत्व में जो यहां हम लोगों ने आन्दोलन किए वह अंग्रेज खराब थे, इस लिए नहीं, अंग्रेजी राज्य खराब था इसलिए नहीं, बल्कि लोकमान्य तिलक जैसे लोग यह कहते आये कि:

"We want a self-government in preference to a good government."

तो जो मंत्री महोदय ने अभी बात कही, जो हम कर सकते हैं, उस के लिए, विदेशियों को यहां आने देना नहीं चाहते, यहां अपने पिछडे हुए लोगों के लिए, अपने बनवासी बन्धुओं के लिए ट्राइबल वेलफेयर डिपार्टमेंट है, यहां सब कार्यवाही उस के लिए सरकार की तरफ से चलती है । ऐसी हालत में जब कि फादर माइकेल स्काट का उदाहरण हमारे सामने है और फादर करीनो गोआ में थे, हम जानते हैं

He had accepted Indian citizenship also but later on it was found out that he was a *persona non grata* and that fellow was to be shunted back to Spain.

यह हुआ है । और आज भी फादर फेरर को महाराष्ट्र से निकालने के बाद विदर्भ के क्षेत्र में फादर डिकोना वही काम कर रहे हैं, यह सूचना मैं देना चाहता हूं, इस को भी मंत्री जी देखें । इंग्लैंड भी जब नहीं चाहता कि कोई दूसरा उस के अन्दरूनी मामलों में हस्तक्षेप

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

करे, इस बात को ले कर इंग्लैंड का राजा हेनरी कहता है : मैं स्वयं ही अपने धर्म को देख लूंगा

"I will be the Defender of the Faith."

तो हमारे देश के अन्दर इतनी बड़ी प्राचीन परंपरा होने के बाद हमारे ही बन्धु सारा काम कर सकते हैं। एक बार दूध का जला छाछ को भी फूंक लेता है। इसलिए जो मन्त्री महोदय ने कहा कि महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने बताया, उस के ऊपर हम ने जांच नहीं की

I take serious objection to it.

वहां की कांग्रेस गवर्नमेंट जब यह बात कहती है कि हम फादर फेरर को रहने नहीं देंगे, उस के बाद केन्द्र में कांग्रेसी शासन रहते हुए गुजरात सरकार से पूछना, आन्ध्र सरकार से पूछना, यह देश के लिए अच्छा नहीं है और अगर सरकार यह करेगी तो मैं बताना चाहता हूं राष्ट्रवादी जनता इसका विरोध करेगी, भले ही सोमानी जी कहें

that it is Hindu fanaticism or whatever it is. I think, he does not understand either Hinduism or what is meant by fanaticism.

यदि देश के अन्दर ऐसी विदेशी मिशनरी आते रहे—माइकल स्काट और फादर फेरर जैसे—तो मैं आपको चेतावनी देना चाहता हूं कि राष्ट्रवादी जनता आन्दोलन कर के सरकार को इस बात के मानने के लिये बाध्य करेगी। मैं मंत्री महोदय से स्पेसिफिक उत्तर चाहता हूं कि जब अपना ही शासन नहीं कहता है कि हम उन को वहां चाहते हैं, तो फिर उन को देश के किसी भी भाग में बसाना ठीक नहीं है ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : माननीय जोशी जी ने मेरे उत्तर को ध्यान से नहीं सुना। शायद वह गुस्से में हैं या उत्तेजित हैं—इस लिये उन्होंने ठीक से नहीं सुना। मैंने यह बात साफ़ कही है कि महाराष्ट्र सरकार की रिपोर्ट आने के बाद हम लोगों ने स्वयं उस की जांच की और जांच करने के बाद इस निर्णय पर पहुंचे कि उन को वहां पर नहीं रहना चाहिये। यह बात मैंने साफ़ कही है की हम ने एन्क्वायरी की है। बाकी जो बात आप कह रहे हैं—वह आपकी राय हो सकती है, उस पर ज़रूर सोच-विचार किया जायेगा।

MR. CHAIRMAN : Now, the House stands adjourned to meet again tomorrow at 11 A.M.

19.11 HRS

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, August 29, 1968/Bhadra 7, 1890 (Saka).

MGIPCBE—S3—6 LSD/68—17-3-69—